CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

देहरादून, रविवार 9 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 92 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम एक से अधिक मतदान केंद्रों पर होने की आशंका पेज 2



भारत ने 2-1 से जीती सीरीज, अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द सीरीज खेल टाइम्स



तुर्की की अदालत ने जारी किया नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट पेज 11



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक बॉलीवुड

## अविवाहित बेटी पिता से गुजारा-भत्ता नहीं ले सकती: केरल हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कहा ईसाई धर्म मानने वाली अविवाहित बेटी अपने पिता से गुजारा-भत्ता लेने का दावा नहीं कर सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रिश्चियन पर्सनल लॉ में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम (एचएएमए) में ऐसा हक मौजूद है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस डा. कौसर एडप्पागथ की बेंच ने 29 अक्टूबर की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें 65 वर्षीय ईसाई व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये और 27 साल की अविवाहित बेटी को 10,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी बेटी याचिका दायर होने के समय बालिग थी, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रहती है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

# प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: इससे प्रॉपर्टी खरीदना सदमे जैसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाना के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है। दीवानी मामलों में करीब 66 फीसदी विवाद संपत्ति से जुड़े हैं।

**हमें नए ढंग से सोचना होगा, विकल्प तलाशने होंगे**



### अकोला दंगा: सीजेआई के पास जाएगा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट (मतभेद वाला फैसला) सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल (एसआईटी) में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता।

# रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वंदे भारत ट्रेनें: मोदी



■ पीएम ने वाराणसी से देशभर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश भर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है। जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। उन्होंने कहा कि आज भारत भी बहुत तेज गति से विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदेभारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदेभारत, लखनऊ- सहारनपुर वंदेभारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदेभारत, इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही, अब देश में एक सौ साठ से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।

## कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से

■ सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखाई देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी।





PATANJALI wellness

देश के 5 करोड़ से अधिक देशवासी जिनमें CGHS (सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारी), CAPF (सेंटर आर्म पुलिस फोर्स), ECHS (भूतपूर्व सैनिकों) कार्ड धारक पेशेंट्स को रेफरल द्वारा निःशुल्क सेवा तथा देश की 30 से अधिक प्रमुख बीमा कम्पनियों (SBI General, Reliance Insurance, United Insurance, ICICI Lombard, HDFC ERGO, MEGMA, Aditya Birla) के तहत रिम्बर्समेंट सुविधा का लाभ। पतंजलि वेलनेस, योगग्राम व निरामयम् में 1 से 2 सप्ताह तक निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करें।

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 8954666111, 8954666222, 8954666333



अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### विकास-विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है बिहारः योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करने से पहले कहा है कि बिहार की तपोभूमि विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शनिवार को लिखा है कि बिहार भारत की आत्मा का स्वर है। यहां आकर भारत की आत्मा से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। योगी ने कहा कि आज सत्याग्रही भूमि पूर्वी चंपारण और तपोभूमि गया जी की विकासप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता एक बार फिर भाजपा-एनडीए सरकार के साथ विकास और विश्वास की नई कहानी लिखने को तैयार है। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान तेज हो गया है।

### एक मंच पर दो नेता जंगलराज रिटर्न्स 2.0: केशव मौर्य

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वार-पलटवार के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब ये दोनों नेता एक साथ एक मंच पर दिखते हैं, तो जंगलराज रिटर्न्स 2.0 दिखाई देता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और महागठबंधन पर तीखा हमला किया। डिप्टी सीएम ने लिखा कि जब श्री तेजस्वी यादव और श्री राहुल गांधी एक साथ मंच साझा करते हैं, तो यह दृश्य किसी चुनावी गठबंधन से अधिक जंगलराज रिटर्न्स 2.0 की पटकथा जैसा लगता है।

# मैं निहत्था और बिहार में जंगलराज

## चुनाव में न जाने पर आजम खांन ने व्यक्त की दिल की पीड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक घोषित होने के बाद भी सपा के दिग्गज नेता आजम खान बिहार चुनाव में नहीं गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में इसकी वजह भी बताई और कहा कि वहां जंगल राज है और मैं निहत्था। ऐसे में वह जंगल में कैसे जा सकते हैं।

उन्होंने जस्टिस लोया का उदाहरण दिया और कहा कि इस जंगल में तो जज भी सुरक्षित नहीं है। आजम खान ने पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि जो लोग 20 साल सत्ता में हैं, फिर भी जंगलराज की बात कर रहे हैं, उन्हें डूब मरना चाहिए। एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए आजम खान ने रामपुर से एक विधायक पर करारा प्रहार किय और कहा कि उनके पूर्वज हथियार बेचते थे। 50 साल पहले उनके पूर्वजों को रामपुर मेड पिस्टल से भरे बक्से के साथ ट्रेन में पकड़ा गया था। बावजूद इसके वह कई बार विधायक बने और केंद्र से जेड श्रेणी सिक्योरिटी भी पा लिए। उन्होंने कहा कि वह तो इन लोगों से भी गए गुजरे हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि हम तो मुर्गी चोर, बकरी चोर, शराब की दुकान लूटने वाले और किताब चोर हैं। आजम खान ने वाई श्रेणी सिक्योरिटी वापस करने पर बयान दिया और कहा कि उन्हें आज तक सुरक्षा देने संबंधी कोई भी लिखित आदेश नहीं मिला है। चूंकि सिक्योरिटी उन्हें हवा में मिली थी, इसलिए उन्होंने हवा में ही उसे वापस भी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक न तो कोई कान्स्टेबल मिला, न ही किसी दरोगा का नाम बताया गया, लेकिन अखबारों में इस संबंध में खबर जरूर पढ़ने को मिली। उन्होंने कहा कि लोग एक बार गांव का प्रधान भी बन जाते हैं तो उनकी कोठियां खड़ी हो जा रही हैं, लेकिन वह नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी अपने लिए एक कोठरी नहीं बना सके।

# यूपी में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदान केंद्र पर होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र चुनाव आयोग से जुड़े एक अफसर ने दी जानकारी

**लखनऊ।** उप्र में 2026 के पंचायत चुनावों के लिए 12 करोड़ मतदाताओं वाली मतदाता सूची का पुनरीक्षण राज्य चुनाव आयोग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को संदेह है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर हैं। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अब तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 12 लाख से ज्यादा नकली मतदाताओं की पहचान कर ली है और 1.63 लाख नाम पंचायत मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूचियों की जांच कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य 15 जनवरी 2026 तक मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करके अंतिम सूची प्रकाशित करना है।

राज्य में पंचायत चुनाव अप्रैल और जुलाई 2026 के बीच होने की संभावना है। कई मामलों में एक ही नाम दो से ज्यादा मतदान केंद्रों पर दर्ज पाए गए, जिसके कारण आयोग ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सीमा पर रहने वाले और शहरी क्षेत्रों में नए घर बनवाने वाले मतदाताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। एसईसी ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा भी तय कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 7 लाख खर्च कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम सीमा 10,000 है। ग्राम पंचायत प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के दौरान 1,25,000 तक खर्च कर सकता है, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी1 लाख तक खर्च कर सकता है। जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार 2.5 लाख तक और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद का उम्मीदवार 3.5 लाख तक खर्च कर सकता है।

## प्रियंका गांधी ने मोदी और चुनाव आयोग पर किया तीखा हमला

# पीएम बोल रहे झूठ, करवा रहे वोटों की चोरी

कटिहार, वार्ता



■ पीएम मोदी को कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी, देना होगा जवाब

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग जारी है। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में लगातार विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाते हुए निशाना साध रहे हैं।

अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है। इस दौरान प्रियंका ने चुनाव आयोग को भी लपेटा है। उन्होंने पीएम मोदी और चुनाव आयोग पर बेहद तीखा हमला किया है। प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले में एक जनसभा में कहा कि अब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को भी बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी जैसी बातें करते हैं। असल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए अपनी भाषा का स्तर इतना नीचे गिरा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने लोगों से पूछते हुए कहा कि अब आप ही बताइए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को देश की जनता पहचान गई है। अब जनता मोदी के झूठ से गुमराह नहीं हो रही है, इसीलिए पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए अब वोट चोरी पर उतर आए हैं। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने पीएम मोदी चुनाव आयोग के तीन लोगों के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। इनके नाम ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी और एस. एस. संधू हैं। यही तीन लोग पीएम मोदी के साथ वोट चोरी कर रहे हैं। ये सभी चुनाव आयोग के सबसे ऊंचे अधिकारी हैं।

ये लोग देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वोट चोरी में सरकार का साथ दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों अधिकारी जनता का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने जनसभा मौजूद लोगों से कहा कि इनके नाम याद कर लीजिए, इन्हें पद के पीछे छिपने मत दीजिए। यहीं तीनों अधिकारी हैं जो लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। इन सभी को आने वाले समय में जवाब देना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने संविधान ने जनता को वोट डालने की शक्ति दी है, जिससे सरकार बनाने का निर्णय आप लेते हैं, लेकिन जब बीजेपी को पता चला कि जनता खिलाफ हो रही है, तो उसने आपके अधिकारों को कमजोर करने के लिए 'वोट चोरी' करनी शुरू कर दी।

### सरकार के पास संसद में करने को काम नहीं, बुला रही है छोटे सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 20 दिसम्बर तक बुलाया गया है, लेकिन सत्र देर से बुलाने और इसमें महज 15 बैठकों के आयोजन से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार के पास संसद में कराने के लिए कोई काम नहीं बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि ससंसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी के साथ ही काम के दिनों में कटौती की गई है। यह सिर्फ 15 कार्य दिवस का होगा। क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा में स्पष्ट संदेश है कि उसके पास काम नहीं है। शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार की घोषणा पर उन्होंने आगे लिखा कि स्पष्ट रूप से सरकार के पास संसद कार्यवाही के दौरान करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।

# उत्तराखंड का बना दिया है भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य के गठन की नींव नेता जी ने रखी थी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।

नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होंने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होंने कहा कि इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उप्र के दोनों सदनों में उत्तराखंड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

■ नागरिकों और मंत्रालयों व विभागों को जोड़ने में बन रहा है ट्रस्ट लेयरः एस कृष्णन

**नई दिल्ली।** पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया।

सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन (नेजीडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्धेश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज भंडारण सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है , जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को 'डिजिटल ट्रस्ट क्रांति' बताया। उन्होंने लाखों लोगों के लिए गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। वित्त विभाग में प्रधान सचिव (एएंडटी) डा. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी।

### जी-20 शिखर बैठकः कांग्रेस ने पीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शामिल नहीं होने की खबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इस बैठक में प्रधानमंत्री के जाने की संभावना है। जी-20 देशों की शिखर बैठक 22 तथा 23 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका में हो रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही अनबन के मद्देनजर ट्रम्प इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी के बैठक में शामिल होने को लेकर लिखा कि अब जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि वह दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, तो हम निश्चित हो सकते हैं कि स्वयंभू विश्वगुरु स्वयं व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

# लखनऊ से चली सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ जंक्शन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ की महापौर श्रीमती रत्ना खारवाल, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में यात्रीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान यात्रियों में विशेष उत्साह देखा गया और सबने नई सेवा के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। यह लखनऊ से चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जबकि राजधानी होकर गुजरने वाली कुल पांच वंदे भारत ट्रेनें लखनऊ से जुड़ गई हैं। इस नई ट्रेन के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से राजधानी लखनऊ तक आवागमन और भी तेज और सुविधाजनक हो गया है। ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सहारनपुर की ओर सुबह पांच बजे रवानगी होगी और दोपहर बारह पैंतालीस पर सहारनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या



पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारम्भ,यात्रियों में उत्साह, लखनऊ से चलने वाली पांचवीं वंदे भारत बनी

26503 सहारनपुर से दोपहर तीन बजे चलकर रात ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस बीच यह ट्रेन सीता. पुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। सप्ताह में यह सेवा सोमवार का दिन छोड़कर छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत की यह यात्रा सामान्य ट्रेनों की तुलना में लगभग एक घंटे कम समय में पूरी होगी। अत्याधुनिक इंजन, बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और वायुगतिकीय ढांचा इस ट्रेन को अधिक गति और स्थिरता प्रदान करता है।

# केवल आधार से नहीं चलेगा काम, देने होंगे ये दस्तावेज

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तेज कर दिया है। इसी के साथ नए वोटर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग ने सभी जिलों के डीएम को दिशा निर्देश देते हुए साफ तौर पर कहा है कि नए वोटर बनाने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के रूप में केवल आधार पर्याप्त नहीं है। आधार के साथ चुनाव आयोग द्वारा पहचान और नागरिकता के साथ ही जन्म प्रमाण तय करने के लिए निर्धारित कुछ जरूरी दस्तावेज भी दाखिल करने होंगे।

यह निर्देश 9 सितंबर 2025 के आयोग के पत्र और संलग्नक पर आधारित है। ऐसे में नया वोट बनवाने के लिए आधार के अलावा केंद्र/राज्य सरकार या पीएसयू के कर्मचारी/पेंशनभोगी का आईडी या पेंशन ऑर्डर के प्रति लगाई जा सकती है। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से पहले जारी सरकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी का आईडी को भी वैध माना गया है। आयोग के मुताबिक जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक सर्टिफिकेट, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र तथा ओबीसी, एससी व एसटी जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया है। आयोग ने साफ कहा है कि देश में ऐसा कोई नहीं चाहता कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को मतदाता सूची में जगह मिले। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य भी यही है। ऐसे में नया वोट बनाते समय ही जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम)को मोबाइल पर स्पेशल मैसेज भेजा है। इसमें साफ कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आधार अकेला मतदाता बनने की योग्यता नहीं देता। यह मैसेज दो हिस्सों में है। पहला हिस्सा मुख्य चुनाव आयुक्त की वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में है, वहीं दूसरे हिस्से में उनकी ओर से लिखित संदेश है। वीडियो में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि आधार एक्ट की धारा-9 स्पष्ट करती है कि आधार न तो नागरिकता (सिटीजनशिप) का प्रमाण है और न ही निवास (डोमिसाइल) का। इसी प्रकार जन्मतिथि को लेकर भी कोर्ट ने कई बार स्थिति स्पष्ट की है।

# ईडी ने कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ की संपत्ति अटैच की

गोवा, वार्ता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनके साथियों की 21 करोड़ रुपए संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई अवैध रूप से लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ी है। ईडी की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि सतीश सैल, जो श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल)के एमडी हैं, उन्होंने 2010 में बेले. केरी पोर्ट से बिना अनुमति के बड़ी मात्रा में लौह अयस्क की खरीद की थी और बाद में उसे चीन भेज दिया। इसके लिए उन्होंने हॉन्गकान्ग में फर्जी कंपनी बनाकर पैसे की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) की। जांच एजेंसियों ने पहले भी सतीश सैल के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 8 करोड़ रुपए की नकदी और सोना बरामद हुआ था।

### सात नवम्बर को कोर्ट ने बेल रद्द कर दी थी

बाद में उन्हें मिली मेडिकल बेल को अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया था। अटैच की गई संपत्तियों में गोवा के मुरगांव इलाके में खुली जमीन, कृषि भूमि और वास्को द गामा में स्थित वाणिज्यिक इमारत शामिल है, जिनकी कुल बाजार कीमत करीब 64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में प्रवर्तन निद. ेशालय ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ी 8 अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनकी कीमत लगभग 67.03 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां अलग-अलग ट्रस्टों और पीएफआई के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टीआफ इंडिया के नाम पर दर्ज थीं। ईडी की जांच के अनुसार पीएफआई और एसडीपीआई ने देश और विदेश खासकर गल्फ देशों से चंदा, हवाला और दान के जरिए पैसे जुटाए। यह पैसा देश में हिंसक और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में अब तक 131 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है। ईडी ने अब तक पीएफआई और एसडीपीआई के 28 नेताओं और सदस्यों को गिरफ्तार किया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 रजत जयंती वर्ष





# राज्य स्थापना दिवस
## 9 नवम्बर
## की हार्दिक शुभकामनाएँ

## उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव

## ₹8260+ करोड़
## की परियोजनाओं का
## लोकार्पण एवं शिलान्यास

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### मुख्य लोकार्पित परियोजनाएं
- अमृत योजना के तहत देहरादून के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति परियोजना।
- पिथौरागढ़ विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र।
- हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड।

### मुख्य शिलान्यास परियोजनाएं
- सौंग बांध पेयजल परियोजना–देहरादून को 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति।
- जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना, नैनीताल–पेयजल, सिंचाई और विद्युत उत्पादन हेतु।
- विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना।
- चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना।
- नैनीताल में अत्याधुनिक दुग्ध संयंत्र।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
### के कर-कमलों द्वारा

दिनांक: 09 नवम्बर, 2025 | समय: प्रातः 9 बजे | स्थान: एफ.आर.आई., देहरादून, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## संकल्प
### नये उत्तराखण्ड का

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- राज्य में सशक्त भू कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। अब तक ₹01 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- राज्य के इतिहास में पहली बार पेश हुआ 1 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर किया 50 लाख रुपए। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार ₹14501 करोड़ था, जो 2024-25 में बढ़कर ₹378240 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रुप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान।
- कुमाऊं क्षेत्र में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत 48 मन्दिरों को सर्किट के रुप में जोड़ने का कार्य गतिमान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये ₹200 करोड के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹1500 किया गया है। अब दोनों बुजुर्ग दंपत्ति को मिल रहा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ। वृद्धावस्था, विधवा, तथा दिव्यांग पेंशन का भुगतान 3 माह की जगह अब प्रत्येक माह होगा।
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत के 51 गांवों का चयन कर किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल।

विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# राज्य निर्माण में शहादत देने वाले बलिदानियों को याद रखा जाएगा

■ कीर्तिनगर में राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कीर्तिनगर तहसील में समान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर 15 राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कीर्तिनगर तहसीलदार डॉ. प्रदीप कंडारी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में जिन लोगों ने अपनी शहादत दी है उनके बलिदान हमेशा याद रखा जायेगा।

कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा आंदोलन कार्यों का नाम उत्तराखंड के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। मौके पर राज्य आंदोलनकारी भगत सिंह पंवार, मोर सिंह मेहरा, सत्येंद्र प्रसाद भट्ट, मनोज गैरोला, लीला सिंह, रुक्म सिंह, अनीता गोदीयाल, रजनी देवी, बसंती देवी, गुड्डी देवी, विशंभर देवी, मुकेश सिंह, गौरी शंकर, किशोर सिंह को सम्मानित कया गया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर डॉ. राकेश मोहन मैठानी, शालिनी नेगी, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. वाईएस नेगी, रजिस्ट्रार कानून गो रविंद्र खत्री, संतोष सिंह, दर्शन लाल थपलियाल, रवि शंकर जोगियाल, महक पंचपाल, अनीता चौहान सहित आदि मौजूद थे।

# रजत जयंती वर्ष पर धारकोट में महिला एवं बाल सभा का आयोजन

■ महिलाओं की भागीदारी से गूंजा विकास का संदेश, बच्चों ने रखी शिक्षा और खेल से जुड़ी मांगें विधायक किशोर उपाध्याय और जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने किया महिला सशक्तिकरण पर संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला पंचायतीराज विभाग के तत्वावधान में विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत धारकोट में महिला एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय और जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों पर सभी अतिथियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने ऑपरेशन विजय शहीद राम सिंह परमार स्मृति द्वार पर शहीद राम सिंह परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके पश्चात गांव की सबसे बुजुर्ग महिला टिहरी देवी की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलन कर महिला सभा का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस दौरान ग्राम की बुजुर्ग महिलाओं को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण सम्मान और स्नेह से भर गया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अविस्मरणीय रही है।

उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा शुरू की गई "महिला सभा" जैसी अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नारी सम्मान और सहभागिता को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी तक सभी जनप्रतिनिधि महिलाओं के विकास और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण को लेकर संवेदनशील हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से हर ग्राम सभा में कीर्तन मंडलियों को पारंपरिक वाद्य यंत्र जैसे ढोल आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और ग्राम सभाओं को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सुमित्रा देवी ने अपने पुत्र की स्वास्थ्य समस्या के समाधान हेतु सहायता की मांग रखी, जिस पर विधायक ने त्वरित सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही बारातघर में इंटरलॉक टाइल्स लगाए जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि पंचायतीराज अधिनियम के अनुरूप ग्राम सभा में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग में प्राथमिकता तय कर सामूहिक हित में कार्य किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि बाहरी लोगों के सत्यापन को लेकर सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि बाहरी व्यक्तियों की सूची तैयार कर ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत निधि में स्वच्छता के लिए तीस प्रतिशत धनराशि निर्धारित की गई है, जिसका उपयोग कर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

उन्होंने खेल मैदान की मांग पर कहा कि जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग से शीघ्र ही व्यवस्था की जाएगी।

साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1905 पर शिकायत दर्ज कर समस्याओं के समाधान के लिए आम जनमानस को जागरूक किया।

महिला सभा में सीता देवी, संगीता, शकुंतला परमार, नारायणी देवी, मुन्नी रावत, माला देवी, मीना रावत, तुलसा देवी, पुष्पा देवी, रूकमा देवी सहित कई महिलाओं ने कुल 13 प्रस्ताव रखे। इनमें बाहरी लोगों के सत्यापन, खेलकूद मैदान, बारातघर में टीनशेड, कूड़ा निस्तारण, एनएच सड़क से हुए नुकसान का मुआवजा, नाली और पुश्ता निर्माण, जंगली जानवरों से सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और राशन वितरण जैसी स्थानीय समस्याओं से जुड़े विषय शामिल रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण, क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्तम सिंह पंवार, ग्राम प्रधान गीता रावत, डीपीआरओ एम.एम. खान, अधिशासी अभियंता जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज, खंड विकास अधिकारी शाकिब हुसैन सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण महिलाएं, बच्चे और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न केवल महिला सशक्तिकरण का भाव झलका, बल्कि ग्राम विकास की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक भी बना।

# पीजी कॉलेज कोटद्वार ने विश्वविद्यालय ट्रॉफी की अपने नाम

**कोटद्वार ।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में चल रही श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल की पुरुष वर्ग की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता मेजबान राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार ने चौथी बार अपने नाम कर ली है। संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में पीजी कालेज ने जसपाल राणा देहरादून कॉलेज को 1-0 से हराया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तीन बार के चौंपियन राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार ने पीजी कॉलेज डाक पत्थर को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# महिला ने खराब एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

■ अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस रास्ते में हुई खराब, स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल, रानीगढ़ और धनपुर पट्टी में आज भी स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल है। हालात ऐसे हैं कि 108 सेवा रास्ते में ही दम तोड़ रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की भारी कमी के चलते जिला चिकित्सालय की दौड़ लगानी पड़ रही है।

बीती गुरूवार की रात की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालियां निशान खड़े कर दिए हैं।

गुरूवार देत रात दो बजे करीब ग्राम भटगांव (नगरासू) निवासी नीमा देवी पत्नी गुरुदेव सिंह को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने तत्काल 108 पर फोन किया। एंबुलेंस मौके पर पहुंची, मगर शिवनंदी के पास अचानक खराब हो गई। दूसरी एंबुलेंस आने में लगभग एक घंटे का समय लग गया, लेकिन



इस बीच महिला ने खराब एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। हालांकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं और जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

घटना के बाद से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बना हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश राणा ने कहा कि जिले की रानीगढ़ पट्टी में स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल हैं। पूरे ही जनपद की स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। प्रसव पीड़ित महिला को लेकर जा रही एम्बुलेंस बीच रास्ते में दम तोड़ रही है। ऐसे में किसी भी मरीज के साथ कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलतीर नगरासू पर 15 से 20 ग्राम पंचायतों के मरीज निर्भर हैं, लेकिन यहां चिकित्सकों की कमी के चलते ग्रामीणों को जिला चिकित्सालय भागना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाएं नहीं होने से मरीज परेशान रहते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी प्रतीक जैन और सीएमओ राम प्रकाश को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली के कारण मरीजों को भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरासू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो पाई है।

इसके अलावा अन्य स्टॉफ की भी कमी है। उन्होंने खराब एंबुलेंस की फिटनेस पर भी सवाल उठाए। कहा कि खराब एम्बुलेंस में मरीजों को ढोया जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थिति ऐसी बनी है कि जिले में आठ एंबुलेंस चल रही है, जिनमें बार-बार खराबी आ रही है। लम्बे समय से चल रहे ये 108 वाहन कभी भी मरीजों को मौत के मुंह में धकेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष हो रहे हैं और अभी तक रुद्रप्रयाग विधानसभा की रानीगढ़ और धनपुर पट्टी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रही है। क्षेत्र की जनता आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है और जिला प्रशासन, शासन और सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है।

वहीं, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राम प्रकाश ने बताया कि जिले के लिए 20 नई एंबुलेंस की मांग शासन से की गई है। वर्तमान में जिले में कुल 12 एंबुलेंस हैं, जिनमें से आठ ही एंबुलेंस कार्य कर रही हैं।

एक नजर .......

## राज्य आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

**कोटद्वार ।** पर्वतीय मैदानी एकता मंच की ओर से राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार देर शाम को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महेंद्र सिंह रावत, भगवती प्रसाद कंडवाल, पंकज उनियाल, पंकज भट्ट, पितृशरण जोशी, सुनीता बिष्ट, बेला डोबरियाल, चंद्रा रावत, राकेश लखेड़ा, राजीव गौड़ सहित 30 राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय नारायण सिंह व मंच के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता पीके अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान व अथक प्रयासों के बाद पृथक उत्तराखंड राज्य की प्राप्ति हुई है। अब हमें आंदोलनकारियों के सपनों के राज्य को पूर्ण रूप से स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। कहा कि राज्य की प्राप्ति के लिए आंदोलनकारियों के योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता तिवाड़ी, जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय रावत, पार्षद प्रवेंद्र सिंह रावत, जनार्दन ध्यानी, रमेश खंतवाल और प्रवेश नवानी आदि मौजूद रहे।

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता: विश्वविद्यालय के छात्र शिवम् को मिला दूसरा स्थान

कोटद्वार । वर्तमान में उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती समारोह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को देहरादून स्थित डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय, पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल के छात्र शिवम रावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शनिवार को यह जानकारी देते हुए विवि के कुलाधिपति प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि शिवम रावत के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भी सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विवि के छात्र-छात्राओं ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में, मोटा अनाज-आधारित बहु-व्यंजन खाद्य प्रदर्शन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तीसरा स्थान व ग्राफिक एरा डीम्ड विश्वविद्यालय में आयोजित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

## गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, लालपानी में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**कोटद्वार ।** सनेह क्षेत्र के लालपानी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने शहीद आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड स्थापना दिवस हमें न केवल गर्वित करता है, बल्कि भविष्य के लिए नये संकल्प लेने और जिम्मेदारियों को लेने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परम्परा को भूलती जा रही है, इसी उद्देश्य से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गढ़वाली भाषा में भाषण देने के लिए प्रेरित किया गया है। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के छात्राओं ने गढ़वाली पोशाक पहनकर गढ़वाली भाषा में अपने विचार व्यक्त करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## फर्राटा दौड़ में नुर अहमद और साधवी ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** बैकुण्ठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी के पांचवे दिन एनआईटी खेल मैदान में विद्यालय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग की आयोजित फर्राटा दौड़ में जआईसी श्रीनगर के नुर अहमद और रेनबो स्कून की साधवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में सेंट थेरेसॉस कि अनुष्का असवाल और शैमफार्ड स्कूल के आयुष रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में आइरिस स्कूल कि अदिति कंडारी, सेंट थेरेसॉस स्कूल के भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में रेनबो स्कूल कि माधवी और सेंट थेरेसॉस के भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में रेनबों स्कूल और सेंट थेरेसॉस स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नन्हे छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग-तरंग से दिखाई अपनी प्रतिभा

■ गोपाल विद्या मंदिर के छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** गोपाल विद्या मंदिर, स्थित लदाडी उत्तरकाशी में ष्रंग तरंगष सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य-गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा की सुंदर झलकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह चौहान अध्यक्ष नगरपालिका, श्रीमती ममता पंवार ब्लॉक प्रमुख भटवाडी ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने विविध नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। पारंपरिक एवं आधुनिक रंगों से सजी इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह और ऊर्जा ने वातावरण को आनंदमय बना दिया, वहीं अभिभावकों और अध्यापकों ने तालियों से इन नन्हे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चौहान ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक है। साथ की विशिष्ट अतिथियों ने भी छात्रों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य विकास सेमवाल ने सभी अतिथियों के कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद महावीर सिंह चौहान, श्रीमती वन्दना नौटियाल, श्रीमती वन्दना नेगी, आदित्य चौहान सभासद न० पा०, देवेन्द्र सिंह नाथ , कुलदीप सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह पंवार , प्रदीप गुसांई , रामकृष्ण नौटियाल चतर सिंह गुसांई, सूरत सिंह चौहान, बी०के० लाल, पारस गुसांई, गजेन्द्र सिंह नाथ, जागेन्द्र सिंह राणा, परमेश्वर नौटियाल, गंगा सिंह मटूड़ा आदि मौजूद रहे है।

# बच्चों के लिए शुरू हुआ गुब्बारा क्लीनिक, निशुल्क इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** राज्य स्थापना के रजतोत्सव के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक गुप्ता के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जनपद चमोली मैं टाइप 1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में टाइप -1 डायबिटीज क्लिनिक जिसे गुब्बारा क्लिनिक भी कहा जाता है, का शुभारंभ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुराग धनिक ने किया।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुराग धनिक ने जानकारी दी कि गुब्बारा क्लीनिक के माध्यम से बच्चों को नियमित जांच, स्क्रीनिंग, और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक बृहस्पतिवार को बच्चों के लिए विशेष परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद मे कुल 10 टाइप वन डायबिटीज से ग्रसित बच्चे हैं। क्लीनिक में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मीनाक्षी रावत, एवं एनसीडी चिकित्सक डॉ ज्योति कंडारी, बच्चों की जांच और उपचार करेगी। जनपद में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से ऐसे अन्य बच्चों की पहचान का अभियान भी चलाया जाएगा

# राज्य स्थापना दिवस पर आंदोलनकारियों का सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जौनपुर विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ में शनिवार को राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सेमवाल ने किया, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सीता पवार ने की। कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से तहसीलदार धनोल्टी बी.एस. पंवार एवं खंड विकास अधिकारी अर्जुन सिंह रावत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके उपरांत ब्लॉक प्रमुख सीता पवार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले



आंदोलनकारियों को शॉल, फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित आंदोलनकारियों में श्याम सिंह चौहान, सरिता भट्ट पत्नी विजेंद्र भट्ट, विनोद सेमवाल, सचेंद्र सेमवाल, संजू सेमवाल, जयेंद्र बिजल्वान, महिपाल सिंह रावत, श्यामलाल नौटियाल, सुभाष सिंह पंवार पुत्र दलीप सिंह, सूरत सिंह, रतन सिंह, किशन सिंह पंवार, रैपल सिंह, सुनील प्रसाद, ज्ञान सिंह, मोहन सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह, भगवान सिंह, प्रेम सिंह, मोहनलाल कवि, सगत सिंह चौहान सहित कई आंदोलनकारी शामिल रहे।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज थत्यूड़ और सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया।

छात्राओं द्वारा प्रस्तुत तांदी और गढ़वाली नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख सीता पवार ने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमें आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान की बदौलत मिला है।

हमें उनके सपनों को साकार करने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के विकास की दिशा में कार्य करना होगा।राज्य आंदोलनकारी श्याम सिंह चौहान, जयेंद्र बिजल्वान और महिपाल सिंह रावत ने कहा कि विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ से परिवहन निगम की कोई बस सेवा न होने के कारण आंदोलनकारियों व 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की।तहसीलदार बी.एस. पंवार ने कहा कि आंदोलनकारियों की मांगों को जिलाधिकारी नई टिहरी को भेजा जाएगा ताकि शीघ्र समाधान हो सके।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, खेमराज भट्ट, पूर्व जेष्ठ प्रमुख महिपाल सिंह रावत, पूर्व शिक्षा अपर निदेशक चेतन प्रसाद नौटियाल, खंड विकास अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, राज्य आंदोलनकारी सचेंद्र सेमवाल, संचालक विनोद सेमवाल, रविंद्र रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधानगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सवाई भाट ने भजनों और बॉलीवुड गीतों से बांधा समा

**श्रीनगर।** आस्था और संस्कृति के संगम बने ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेले की चौथी संध्या भक्ति और संगीत के रंगों में रंगी रही। इंडियन आइडल के प्रसिद्ध गायक सवाई भाट ने अपने भजनों और बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। सवाई भाट ने केसरिया बालम पधारो म्हारे देश गया तो की प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद उन्होंने तेरे बिन नहीं जीना ढोलना, मेरे रश्के कमर, तेरी पहली नजर जैसे लोकप्रिय गीतों के साथ-साथ भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन जिला प्रशासन पौड़ी जनपद के तत्वावधान में सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य विधानसभाध्यक्ष एवं माननीय विधायक, कोटद्वार रितु खंडूरी भूषण जी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी एवं जिला विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने पुष्प गुच्छ और शॉल भेंट करके किया। अपने संबोधन में रितु खंडूरी भूषण ने सर्वप्रथम उत्तराखंड निर्माण के राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को नमन करते हुए इस रजत जयंती के अवसर पर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जतायी और राज्य के विकास और उत्थान के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिए जाने को महत्वपूर्ण बताया । उत्तराखंड में रोजगार सृजन एवं पलायन पर रोक को उन्होंने सरकार की मुख्य प्राथमिकता बताया । इस अवसर पर स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को चेक भेंट किया गए । कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रमेश चौहान द्वारा सफलतापूर्वक किया गया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तत्पश्चात रोजगार मेले का प्रारंभ हुआ । इस मेले में सेवायोजन लैंसडाउन, श्रम विभाग, लीड बैंक, परिवहन, कृषि, उद्योग एवं निर्वाचन विभाग के विभिन्न स्टॉल लगाए गये थे । मुख्य सेवायोजन अधिकारी लैंसडाउन उत्तम कुमार के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 27 कंपनियों ने बेरोजगार युवाओं को पंजीकृत कर मार्गदर्शन किया। पूरे जनपद के कुल 325 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवा कर रोजगार मेले का लाभ लिया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ ऋचा जैन तथा समस्त सदस्यों, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सक्रिय सहयोग दिया ।

## मेले में किया औचक निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** मंदाकिनी शरदोत्सव कृषि औद्योगिक विकास मेले में बाल कल्याण समिति की ओर से बालश्रम, भिक्षा वृत्ति और स्ट्रीट चाइल्ड के अंतर्गत औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति से सदस्य बाल कल्याण समिति दलवीर सिंह रावत, गीता मालसी, ममता शैली ने औचक निरीक्षण किया। जिन्होंने मेले में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की पूर्ण जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान विधायक भरत सिंह चौधरी ने बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यों की सराहना की।

# कीर्तिनगर से भारत दर्शन के लिए 61 छात्रों का दल रवाना

## 12 दिवसीय भ्रमण के दौरान करेंगे गुजरात के प्रसिद्ध स्थानों का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के मेधावी छात्र-छात्राओं का दल शनिवार को कीर्तिनगर से भारत दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुआ। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. राकेश मोहन मैठाणी और खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. वाईएस नेगी ने हरि झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। कीर्तिनगर के डॉ. अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण 2025 के तहत विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के




वर्ष 2025 की परिषदीय परीक्षा के 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 61 छात्र- छात्राओं को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षिक भ्रमण करवाया जा रहा है। बताया कि 19 नंबर तक 12 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं इस वर्ष गुजरात के प्रसिद्ध स्थानों का भ्रमण करेंगे। साथ ही वापसी में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतुभूषण खंडूडी से मुलाकात करेंगे। कहा कि उनके लिए यह बेहद खुशी का पल है। कहा वह अपने निजी खर्चे से देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को भारत भ्रमण के लिए भेज रहे हैं। इस भ्रमण से बच्चे देश के विभिन्न स्थानों पर जाकर कुछ बेहतर सीख पाएंगे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख विनोद बिष्ट, वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन भंडारी, महेंद्र कठेत, राजेश सेमवाल, जगपाल चौहान, शिव सिंह नेगी, दिलबर रावत, नरेंद्र कुंवर, अशोक तिवारी, मुकेश लखेड़ा, दिनेश असवाल, पर्मेद्र पँवार, शाहिनी उनियाल, विकास महेरा, कुलदीप रावत सहित आदि मौजूद थे।

# 25 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखंड ने की ऐतिहासिक प्रगति :धामी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को राज्य की रजत जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों, राज्य आन्दोलनकारियों एवं देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उत्तराखण्ड की मजबूत नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को भी राज्य की जनता की ओर से नमन किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि राज्य के गठन से लेकर आज तक की इन 25 वर्षों की सफल विकास यात्रा में उत्तराखण्ड ने अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में

**विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण में सहयोगी बनें प्रदेशवासी: सीएम राज्य की रजत जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं**



ऐतिहासिक प्रगति की है। 25 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना, प्रति व्यक्ति आय 18 गुना और बजट 20 गुना से अधिक बढ़ा है। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बनकर उत्तराखण्ड ने फिर एक बार अपनी विशेष भूमिका को रेखांकित किया है। राज्य की मातृशक्ति, युवा शक्ति, राज्य आंदोलनकारी, पूर्व सैनिक और प्रवासी उत्तराखण्डियों की भागीदारी से एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री

### जन सेवा, सुशासन, संवेदनशीलता और गरीब कल्याण हमारा ध्येय : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सेवा, सुशासन, संवेदनशीलता और गरीब कल्याण हमारा ध्येय है। रजत जयंती वर्ष 2025 के अंत तक उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो यह हमारा संकल्प है। इस विकल्प रहित संकल्प को पूरे मनोयोग से पूर्ण करने के लिये हम प्रतिबद्ध हैं।

### कहा-पीएम मोदी का उत्तराखण्ड तथा उत्तराखण्डवासियों से अपार आत्मिक स्नेह

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड तथा उत्तराखण्डवासियों से अपार आत्मिक स्नेह है। प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों तथा बद्रीनाथ धाम के विकास कार्यों की भांति ही अब मानसखंड के विकास पर भी स्वयं की इच्छा और रूचि व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दिया है। इस विकास यात्रा में विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के रूप में हम अपना अग्रणी योगदान देने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

### रजत जयंती वर्ष में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन का गौरव हुआ हासिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को इस रजत जयंती वर्ष में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन का गौरव प्राप्त हुआ। इन राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने 103 पदक प्राप्त कर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में राज्य ने कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं, किन्तु अभी हमें बहुत आगे जाना है तथा देवभूमि उत्तराखण्ड को एक प्रगतिशील, उन्नत एवं हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाना है। इस महान उद्देश्य की प्राप्ति जनसहयोग से ही संभव है।

ने सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण में सहयोगी बनने की भी प्रदेशवासियों से अपेक्षा की है।

# स्वच्छता व्यवस्था देखने सुबह ही क्षेत्रों में पहुंची नगर आयुक्त



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**नगर आयुक्त नमामी बंसल ने शनिवार की सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आराघर चौक, घण्टाघर, दर्शनलाल चौक, ईसी रोड, आईटी पार्क रोड, चकराता रोड एवं सहस्रधारा रोड सहित प्रमुख मार्गों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि सभी स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएद्य निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों की हाजिरी प्वाइंट्स का निरीक्षण कर मस्टर रोल की जाँच की गई। जो कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, उन्हें अनुपस्थित (।इमदज) चिह्नित करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए।

नगर आयुक्त ने सभी मुख्य नगर स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं स्वच्छता निरीक्षका को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि सफाई व्यवस्था सर्वोत्तम स्तर पर बनी रहे।

# पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम धामी के नेतृत्व में हो रहा राज्य का सर्वांगीण विकास: डा. बंसल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून** राज्यसभा सांसद डा. नरेश बंसल ने उत्तराखण्ड की 25 वर्षों की "गौरवशाली यात्रा" का उल्लेख करते हुए सभी अमर शहीदों,आंदोलनकारियों और जन नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि रजत जयंती के कार्यक्रम मे देश के प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड के जनमानस के बीच होंगे।रजत जयंती कार्यक्रमों की शुरुआत में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का पहले ही उत्तराखंड आगमन हो चुका है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि स्व. अटल ने राज्य दिया था और प्रधानमंत्री मोदी इसे संवारने का काम निरंतर कर रहे हैं।उनका उत्तराखंड से स्नेह जगजाहिर है।प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रही है।सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ से जहां आमजन का जीवन



सरल हो रहा है, वहीं इन योजनाओं का लाभ सीधा हर पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है।बंसल ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, कृषि, बागवानी, पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में लाखों-करोड़ों रुपए की योजनाएं सफलतापूर्वक धरातल पर उतारी गई हैं।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानसेवक मोदी ने कहा था कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और उत्तराखंड आज देश के अग्रणी राज्य के रूप मे स्थान बना रहा है।मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व मे राज्य सरकार के निर्णय देश में नजीर साबित हो रहे हैं।

# शराब के ठेके के ताले तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।**लुनावाला स्थित एक देसी शराब के ठेके के ताले तोड़कर वहां से हजारों रुपए की नगदी और शराब की बोतल चोरी करने वाले दो चोरों को डोईवाला कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई नदी और शराब की बोतल बरामद कर लीस डोईवाला कोतवाली में अभियोग पंजीकृत करते हुए सन्तपाल सिह पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी श्री कृष्णा एन्कलेव माजरी देहरादून द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई टिहरी में जानकारी दी कि उसकी नून्नावाला स्थित देशी मदिरा की उपदुकान है और उसे दुकान के ताले तोड़कर तथा जाली तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए की नगदी और शराब की बोतल चोरी कर ली है शराब की दुकान में हुई चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने धारा 305ए/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर लिया। वही मामले की सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने क्षेत्राधिकार डोईवाला और कोतवाली पोप निरीक्षक डोईवाला प्रदीप कुमार राणा को चोरी का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश जारी किया जिसके बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन कर सर आप ठेके में चोरी करने वाले चोरों की तलाश प्रारंभ कर दीस डोईवाला कोतवाली पुलिस ने शराब के ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरा को कंगाल इस दौरान पुलिस टीम ने शहीदद्वार, जौलीग्रान्ट से घटना में शामिल दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया तथा कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम मनीष रावत व राजू बताएं स पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में चोरी किये गए 15000 रूपये नगद व 84 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद की गई। डोईवाला कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों चोरों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह नशा करने के आती है और नशे की पूर्ति करने के लिए चोरी की वार्ताओं को अंजाम देते हैं पुलिस ने चोरों को संबंधित न्यायालय में पेश करजेल भेज दिया।

## एक नजर .......

### वन माफिया पर वन विभाग की सख्ती

**चकराता।** वन माफिया पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा गश्त तेज कर दी गई है, लेकिन इसके बावजूद जंगलों से बेशकीमती देवदार की लकड़ी की तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। माफिया निडर होकर अवैध कटान और परिवहन में लगे हुए हैं।बीती रात माखटी बीट क्षेत्र में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने एक पिकअप वाहन (संख्या यूके12 सीए 0316) को अवैध रूप से देवदार की लकड़ी ले जाते हुए पकड़ा। वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर अंधेरे में फरार हो गया। वाहन से बेशकीमती देवदार की 30 नग लकड़ियाँ बरामद की गईं, जिन्हें विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। वन क्षेत्र अधिकारी विजय सिंह नेगी ने बताया कि पकड़ी गई लकड़ी के स्रोत और संबंधित व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गश्त दल में वन क्षेत्र अधिकारी विजय सिंह नेगी, वन दरोगा अतर सिंह, बीट अधिकारी बंटी सहगल, दरोगा कमल जख्मोला और विजय सिंह अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### पंचायत सदस्य ने सड़कों की बदहाल स्थिति पर लोनिवि को लिया आड़े हाथों

**साहिया।** जिला पंचायत सदस्य बायला से प्रवीन रावत ने पहली ही बैठक में जिला पंचायत सदन में सड़कों की बदहाल स्थिति पर लोक निर्माण विभाग साहिया को आडे हाथों लिया। उन्होंने हरिपुर कोटी इच्छाड़ी क्वानू मीनस मुख्य सड़क जो जौनसार बावर क्षेत्र के साथ साथ ही हिमाचल प्रदेश को भी जोड़ता है की बदहाल हालत पर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क में गड्ढे नही गड्ढों में सड़क है। वहीं ग्रामीणों ने आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। बताया इस मार्ग से दिन रात सैकड़ो वाहन का आवागमन होता है। हर साल बरसात में अधिकतर हादसे होते है। ग्रामीण मातबर सिंह तोमर, बलबीर सिंह चौहान, अतर सिंह चौहान, सियाराम चौहान, सूरत सिंह चौहान, अजब सिंह तोमर, विरेंद्र सिंह चौहान आदि का कहना है की हरिपुर कोटी ईच्छाडी क्वानू मीनस मोटर मार्ग की हालत बहुत खराब हो चुकी है सफर करने के लिए ग्रामीण मजबूर है। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क किनारे न पैराफिट व क्रैश बैरियर भी नहीं है। इस मार्ग पर इतने बड़े बड़े गड्ढे है कि वाहन चालकों को हादसे का डर सताता रहता है। कहा पिछले काफी वर्षों से सड़क की हालात बहुत खराब है, विभाग अपनी आंखें मूंदे बैठा है।

### प्रधानाचार्य ने छात्रों को बलिदानों को याद करने के लिए प्रेरित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** एन्फील्ड विद्यालय, विकासनगर में उत्तराखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण को उत्तराखंड की संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को दर्शाते हुए सुंदर पोस्टरों और बैनरों से सजाया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत दल ने मधुर स्वर में राज्य गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक भाषण दिए, जिनमें उन्होंने उत्तराखंड के गठन से लेकर अब तक की विकास यात्रा, इसकी प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। छात्रों के विचारों ने सभी में राज्य के प्रति गर्व और प्रेम की भावना जागृत की।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी चुघ ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें उन संघर्षों और बलिदानों को याद करने के लिए प्रेरित किया, जिनकी बदौलत उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ। उन्होंने सभी को जिम्मेदार नागरिक बनने और राज्य की प्रगति में अपना योगदान देने का संदेश दिया।

### एक्सपीरिएंशियल लर्निंग से गहरी जानकारी मिलती है: डॉ. एस. फारूक

**देहरादून।** विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर के स्कूल ऑफ फार्मेसी के लगभग 60 बी. फार्म तीसरे साल के स्टूडेंट्स हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून के एजुकेशनल विजिट पर थे। इस विजिट का मकसद स्टूडेंट्स की फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग, क्वालिटी कंट्रोल और हर्बल फॉर्मूलेशन टेक्नोलॉजी की प्रैक्टिकल समझ को बढ़ाना था। डॉ. एस. फारूक ने खुद स्टूडेंट्स को संबोधित किया और वेलनेस इंडस्ट्री में इनोवेशन, नैतिकता और सस्टेनेबिलिटी के महत्व पर जोर दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों और इस अनुभव ने उभरते हुए फार्मासिस्टों पर गहरी छाप छोड़ी। स्कूल ऑफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रिजवान ने हिमालय वेलनेस कंपनी की पूरी टीम को उनकी मेहमाननवाजी, ज्ञान साझा करने और भविष्य के प्रोफेशनल्स को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए दिल से धन्यवाद दिया।

# 100 से अधिक प्रभावशाली नेताओं ने यूपीईएस में अस्पायर रिट्रीट और कॉनवोकेशन में भाग लिया

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।**अस्पायर सर्कल ने अपने आमंत्रण-आधारित अस्पायर रिट्रीट और कॉनवोकेशनका आयोजन यूपीइएस में किया, जिसमें अस्पायर सर्कल फेलोज, स्कॉलर्स, सामुदायिक नेता, सदस्य और वक्ता शामिल हुए।

अस्पायर रिट्रीट और कॉनवोकेशन अस्पायर सर्कल का द्विवार्षिक प्रमुख आयोजन है जो भारत में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व और सामाजिक प्रभाव के लिए अग्रणी मंच है। यूपीइएस विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में तीन दिनों तक 100 से अधिक फेलोज, परिवर्तनकारी विचारकों और



चिंतनशील नेताओं ने भाग लिया। इस रिट्रीट के अंतर्गत अस्पायर फेलोज के दीक्षांत समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें उनके वर्षभर के दार्शनिक शिक्षण और प्रभावशाली सहयोग के सफर का उत्सव मनाया गया।पहले दिन का केंद्र बिंदु था मौन चिंतन और उद्देश्यपूर्ण संवाद। उद्घाटन सत्र में सूक्ष्म मुख्य भाषणों (माइक्रो कीनोट्स) के माध्यम से 'सीकर का द्वंद्व ख्र कब प्रतीक्षा करें और कब क्रियान्वयन करें' जैसे विचारों को प्रस्तुत किया गया। इसके बाद हुई पैनल चर्चा में नेतृत्व, उद्यम और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में धैर्य और तात्कालिकता के संतुलन पर विचार-विमर्श हुआ।

यूपीइएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा, एआरसी 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है।

यह हमारे शैक्षणिक मिशन और राष्ट्र निर्माण की वास्तविकताओं से गहराई से जुड़ा है। इन तीन दिनों में हमने देखा कि आत्मचिंतन और कठोर विमर्श किस प्रकार निर्णायक कार्रवाई के साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। एक विश्वविद्यालय के रूप में, हमारा उद्देश्य ऐसे नेताओं को तैयार करना है जो यह जानते हों कि कब रुककर सुनना और सीखना है, और कब साहस और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ना है।

# लाइसेंस पर पहचान संख्या नहीं है, तो तुरंत करें दोबारा आवेदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।**जिला प्रशासन ने जनपद देहरादून के सभी अस्त्र लाइसेंस धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। उप जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी अस्त्र कुमकुम जोशी ने सूचित किया है कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि जिन मामलों में 30 जून, 2020 के बाद भी राष्ट्रीय अस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर विशिष्ट पहचान संख्या उत्पन्न नहीं हुई है, ऐसे सभी लाइसेंसों को निरस्त किया जाएगा।

जोशी ने बताया कि ऐसे लाइसेंस धारकों को नए नियमों के अनुसार पुन: ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन प्राप्त होने पर ही आयुध नियम-2016 के क्रम में नवीन लाइसेंस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी।

**तत्काल उपस्थित हों, अन्यथा होगा निरस्त**

जिला प्रशासन ने ऐसे सभी अस्त्र लाइसेंस धारकों को सूचित किया है कि वे बिना विलंब किए अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय के अस्त्र अनुभाग में शीघ्र से शीघ्र उपस्थित हों।ऐसा न करने की स्थिति में अस्त्र लाइसेंस निरस्त हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं लाइसेंस धारक की होगी। अग्रिम कार्यवाही के लिए यह निर्देश अत्यंत आवश्यक है।

# कांग्रेस की प्रदर्शनी से घपले घोटालों की तस्वीर गायब: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस की विकास को लेकर आयोजित प्रदर्शनी पर तंज कसते हुए कहा कि जहाँ तक भाजपा का सवाल है तो जनता जानती है कि राज्य मे विकास की बयार बही है। लेकिन कांग्रेस को तथाकथित तुलनात्मक विकास मे अपने काल के घपले, घोटालों और विधायकों के खरीद फरोखद्द्त जैसे आरोपों का व्योरा भी सामने रखना चाहिए।

कांग्रेस की प्रदर्शनी को भ्रम और जनता की आँखों मे धूल झोंकने जैसा बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य को सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाये दी है। लेकिन कांग्रेस के दो सरकारों के कार्यकाल अंतर्द्वंद, गुटबाजी और घपले घोटालों के लिए ही जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पृथक राज्य के लिए कांग्रेस कभी पक्षधर नही रही और शुरुआती दौर से राज्य मे विकास की गतिविधियों के संचालन के बजाय कांग्रेस मे गुटबाजी चलती रही जिसका सीधा असर राज्य के विकास पर पड़ा।चौहान ने कहा कि पहली सरकार मे कांग्रेस के 56 घोटाले सामने आये और कांग्रेस ने उन पर लीपापोथी कर दी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के बीच हुए अंतर्द्वंद को राज्य ने देखा। वहीं दूसरी सरकार मे सीएम को लेकर हुए घपले को लोगों ने खुली आँखों से देखा। उन्होंने कहा कि दूसरे कार्यकाल मे हुए स्टिंग और विधायकों की खरीद फरोख्त को देश दुनिया ने देखा। राज्य ने राजनैतिक अस्थिरता का जो दौर देखा वह कांग्रेस कार्यकाल का काला अध्याय है और कांग्रेस मे साहस है तो वह प्रदर्शनी मे उसका उल्लेख करे।चौहान ने कहा कि अगर भाजपा की तीनो सरकारों के कार्यकाल का आकलन किया जाए तो कांग्रेस कार्यकाल मे विकास की तस्वीर गौण नजर आयेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता का विश्वास जीता है और एक बार फिर 2027 मे हैट्रिक बनायेगी।

# डॉ. सुजाता संजय का नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को समर्पित कार्यों के लिए प्रसिद्ध संजय ऑर्थोपेडिक स्पाइन एंड मैटरनिटी सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता संजय ने एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल ही में उन्होंने 250 से अधिक स्वास्थ्य संबंधी रेडियो टॉक शो पूरे किए हैं, जिसके लिए उनका नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

डॉ. सुजाता का यह सफर समाज के प्रति उनके समर्पण की मिसाल है। इससे पहले वर्ष 2017 में उनके नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी कीर्तिमान दर्ज किया गया था, जब



उन्होंने 187 से अधिक नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविरों का आयोजन कर 5500 से भी अधिक महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया था।डॉ. सुजाता का मानना है कि आज भी कई ग्रामीण व पहाड़ी इलाकों की महिलाएं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और सही जानकारी से वंचित हैं। इसीलिए उन्होंने रेडियो को एक सशक्त माध्यम के रूप में चुना है, ताकि हर वर्ग की महिला ख्र चाहे वह गाँव में हो या शहर में ख्र अपने स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके।डॉ. सुजाता कहती हैं, "स्वस्थ महिला ही स्वस्थ समाज की नींव रखती है। यदि महिलाओं को सही समय पर सही जानकारी मिल जाए तो कई बीमारियों से बचाव संभव है। डॉ. सुजाता ने बताया कि उनके द्वारा रेडियो प्रसारण देश के विभिन्न राज्यों में एफ. एम तथा आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित किया जा रहे हैं। उनकी यह पहल न केवल स्वास्थ्य शिक्षा का प्रसार कर रही है बल्कि समाज में जागरूकता की नई लहर भी पैदा कर रही है।

# स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सहकारिता आंदोलन का पाठ : डॉ. रावत

**सामूहिक खेती का सफल मॉडल बना माधो सिंह भंडारी सामूहिक सहकारी खेती योजना**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**राज्य की रजत जयंती के अवसर पर संस्कृति विभाग ऑडिटोरियम, दीपनगर में शनिवार को उत्तराखंड प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के तत्वावधान में भव्य सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, निबंधक सहकारिता डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट एवं राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद की सचिव डॉ. मीनू शुक्ला पाठक ने



दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रावत ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद पूरे देश में सहकारिता की नई क्रांति आई है, और उत्तराखंड ने इसमें विशेष भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि मिलेट्स मिशन योजना के तहत किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा समितियों के माध्यम से 4800 प्रति क्विंटल की दर से मुंडवा की सीधी खरीद किसानों को बड़ा आर्थिक सहारा दे रही है।

महिलाओं को व्यक्तिगत रूप से 21,000, 51,000 और 1,10,000 तक का ऋण बिना गारंटी के दिया जाएगा, जिससे महिलाएं रोजगार एवं आय सृजन से जुड़ी गतिविधियों को आगे बढ़ा सकें।डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 से सहकारिता आंदोलन का पाठ अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा। इस संबंध में निबंधक को एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर पर तैयार यह प्रस्ताव भारत सरकार को भी भेजा जाएगा ताकि केंद्रीय विद्यालयों में भी इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सके।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के प्रबंध निदेशक मंगला त्रिपाठी द्वारा किया गया। उनके द्वारा सहकारिता विभाग के 25 वर्षों की यात्रा पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से अब तक के सभी सहकारिता मंत्री, सचिव और निबंधकों के विकास कार्यों को याद किया गया।सहकारिता सम्मेलन में प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के वर्तमान अध्यक्ष रामकृष्ण मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष रेशम फेडरेशन चौधरी अजीत सिंह, प्रदीप चौधरी, प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, मनोज सामंत, गोपाल बोरा, सार्थक त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह बिष्ट, अमित शाह, नरेंद्र सिंह रावत, सुभाष रमोला, सहकारिता विभाग के अधिकारी अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक प्रदीप मेहरोत्रा, उप निबंधक रमिंद्री मंदरवाल, सहायक निबंधक (मुख्यालय) राजेश चौहान सहित अन्य सभी जनपदों से उपस्थित जिला सहायक निबंधक, सचिव, महाप्रबंधक, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं सहकारिता से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दून डिफेंस ड्रीमर्स के छात्र अविषेक दुबे का चयन, प्रयागराज से हुए अनुशंसित रिकमेंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** असम के गुवाहाटी निवासी अविषेक दुबे ने सीडीएस ख्र1 2025 की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार और कोचिंग संस्थान दून डिफेंस ड्रीमर्स का नाम रौशन किया है।

अविषेक का सेवा चयन बोर्ड (ैठ) साक्षात्कार 18ैठ प्रयागराज बोर्ड में 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित हुआ, जहाँ से वे भारतीय सेना में अधिकारी बनने के लिए अनुशंसित होकर निकले।

अविषेक एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं। बचपन से ही देश सेवा का सपना संजोए अविषेक ने अपनी तैयारी के लिए देहरादून स्थित दून डिफेंस ड्रीमर्स में दाखिला लिया। संस्थान के निदेशक हरिओम चौधरी ने बताया कि संस्थान के व्यवस्थित मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास परीक्षाओं (मॉक टेस्ट) और शारीरिक स्वस्थता (फिटनेस) पर विशेष ध्यान देने के कारण उन्होंने लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रयागराज में पाँच दिन की चयन प्रक्रिया के दौरान अविषेक ने शांत स्वभाव, तार्किक सोच और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।अपनी सफलता का श्रेय अविषेक माता-पिता के सहयोग और दून डिफेंस ड्रीमर्स के सही मार्गदर्शन को देते हैं।


उनका संदेश है कि सफलता निरंतर मेहनत और सही रणनीति से ही मिलती है। अब वे चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षण लेकर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में देश सेवा का सपना पूरा करेंगे।

# लोग बंदरों के हमले से भयभीत

## नगर निगम का अभियान विफल

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** ज्वालापुर की शारदा नगर कॉलोनी में बंदरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना बंदर राहगीरों एवं शारदा नगर के निवासी पर झपट रहे हैं तथा घरों में घुसकर भी नुकसान पहुचाने रहे है। जिस कारण स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नगर निगम द्वारा चलाया गया बंदर पकड़ने का अभियान भी किल साबित होता दिख रहा है, क्योंकि कालोनी में उत्पाती बंदरों के झुंड लगातार हमले कर रहे है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बंदरों के उत्पात ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। बंदर खुलेआम घूमते हैं और अक्सर राहगीरों पर हमला कर देते हैं। जिससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा दहशत में हैं। स्थानीय लोग बंदरों के निरंतर हमले के कारण घबराते हुए घर से बाहर निकलते है खिड़की दरवाजे बंद करके भी रखना पड़ रहा है। खासकर सुबह और शाम के समय घरों की छतों पर कपड़े सुखाने एवं उठाने तथा खुले में सामान रखना भी मुश्किल हो गया है। बंदर राहगीरों के हाथों से खाने-पीने का सामान छीनकर भाग जाते हैं। जिससे दहशत और बढ़ जाती है। नगर निगम ने कुछ समय पहले शहर के प्रभावित इलाकों में बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने का अभियान शुरू किया था । जिससे लोगों को कफी उम्मीद थी। अभियान के दौरान कुछ बंदरों को



पकड़ा भी गया था। लेकिन यह राहत अल्पकालिक रही। अभियान के बाद भी कॉलोनी में बंदरों की संख्या में कोई खास कमी नहीं आई है। प्रत्येक दिन बंदरों की आक्रामकता बढ़ी हुई नजर आती है। स्थानीय लोगो का आरोप है कि नगर निगम और वन विभाग इस समस्या के स्थायी समाधाान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं जिस कारण परेशान एवं भयभीत कालोनीवासियों ने एक बार फिर नगर निगम से मांग की है कि बंदर पकड़ने के अभियान को तेज और प्रभावी बनाया जाए।

# एटीएम समीप कूड़े के ढेर से लोग परेशान

## नगर निगम की लापरवाही के कारण अस्वच्छ वातावरण

संतोष कुमार शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** उपनगरी ज्वालापुर के मोहल्ला कस्साबान स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा ए.टी.एम के बाहर कूड़े के ढेर लगने से बैंक कर्मचारियों, उपभोक्ताओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ए.टी.एम के दरवाजे के बाहर रोजाना बड़ी मात्र में कूड़ा जमा हो जाता है, जिससे क्षेत्र में दुर्गंधा फैली रहती है तथा अस्वच्छ वातावरण रहता है। साँस लेना भी मुश्किल होता है। स्थानीय व्यापारी विशाल चौहान, मुजफ्फर अंसारी, मानव चौहान और नफीस अंसारी ने बताया कि कूड़े के ढेर पर आवारा पशु भी पहुंच जाते हैं। जिससे मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि ए.टी.एम के बाहर कूड़ा नहीं फेंका जाना चाहिए और नगर निगम को यहां डस्टबिन की व्यवस्था करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि कई बार कूड़ा समय पर नहीं उठता जिससे बैंक कर्मियों और व्यापारियों को असुविधाा होती है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि सड़क पर जमा कूड़े के ढेर की समस्या का शीघ्र समाधाान कराया जाए



# सीएमओ आदेश पर देवभूमि अस्पताल ऑपरेशन थियेटर सील

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** न्यू देवभूमि अस्पताल में प्रसव के दौरान एक प्रसूता की संदिग्धा हालात में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल स्थिति संभाली। सी.एम.ओ ने मामले की जांच के आदेश देते हुए अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर को सील करा दिया है। जानकारी के अनुसार, भोगपुर लक्सर निवासी 22 वर्षीय आरती पत्नी अंकित को शुक्रवार देर शाम प्रसव पीड़ा होने पर परिजन न्यू देवभूमि अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने रात में ऑपरेशन कर बच्चे को जन्म दिलाया। परिजनों का कहना है कि डिलीवरी के बाद आरती की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्टाफ ने पहले सामान्य स्थिति



बताई लेकिन कुछ ही देर में उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई और कल दिनांक 8 नवंबर तड़के उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवारजन गुस्से में आ गए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान परिजनों और अस्पताल कर्मियों के बीच धाक्का-मुक्की की भी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली ज्वालापुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रि किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर. के. सिंह ने ए.सी.एम.ओ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर मौके पर भेजी। टीम ने अस्पताल का निरीक्षण कर ऑपरेशन थियेटर को पुलिस ने सील कर दिया। सी.एम.ओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। गौरतलब है कि न्यू देवभूमि अस्पताल का नाम इससे पहले भी विवादों में रह चुका है। कुछ माह पहले इसी अस्पताल में एक पुलिसकर्मी की पत्नी की भी डिलीवरी के दौरान मौत हो गई थी। उस समय भी अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

# सौ वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्य कोषाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि निदेशालय कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखंड सरकार के आदेशानुसार उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में 03 नवम्बर से 9 नवम्बर तक मनाये जाने वाले रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 8 नवंबर 2025 को सदर कोषागार जनपद हरिद्वार के सबसे वृद्ध पेंशनर ओम प्रकाश शर्मा, आयु 100 वर्ष को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कोषागार की ओर से उनके आवास पर पहुँचकर उनका सम्मान एवं अभिवादन किया गया तथा उनका डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र स्थल पर ही तैयार किया गया। इसी क्रम में दो अन्य वृद्ध पेंशनरों से उनके आवास पर भेंट की गई तथा उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके परिजनों को डिजिटल प्रमाण पत्र जमा करने की जानकारी के साथ उनके डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराया गया।



# मध्य रात्रि में घर से चोरी

## सी.सी.टी.वी के जरिए चोर पकड़ा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 7 नवंबर को सतनाम सिहं निवासी सर्वप्रिय बिहार व श्याम सुन्दर पारिक निवासी आई.आई.टी जगजीतपुर द्वारा तहरीर दी कि मध्य रात्रि मे हमारे घर पर एक चोर द्वारा चोरी की गई है जो सी.सी.टी.वी फुटेज मे भी दिखाई दे रहा है। तहरीर के आधाार पर थाना कनखल पर मुकदमा घटना से संबंधित धााराओं में पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए थाना कनखल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत लगे सी.सी.टी.वी फुटेजों का अवलोकन कर गहन जानकारी एकत्रि कर अभियुक्त विकास पुत्र विष्णु निवासी चीला कॉलोनी थाना लक्ष्मण झूला जनपद पौड़ी गढवाल को हैली पैड बैरागी कैम्प से मय माल के गिरफ्तार



किया गया। आरोपी नशे का आदी है जो पूर्व में पटेलनगर देहरादून थाने से स्कूटी चोरी प्रकरण में जेल जा चुका है अभियुक्त से एक चोरी का मोबाईल फोन वीबो कम्पनी का एवं एक औजार जिससे ताले तोड गया बरामद किया गया पुलिस टीम की ओर से उप निरीक्षक धानराम शर्मा, कांस्टेबल उमेद सिहं और कांस्टेबल विशन सिहं चौहान ने रणनीति बनाकर त्वरित कई जिस कारण अभियुक्त को चोरी के वारदात में दबोचा गया।

# अधिवक्ता राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित हो : न्यायाधीश थपलियाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अधिवक्ता भारतीय संविधाान की व्याख्या व इसके संरक्षण में एक सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उत्तराखंड उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की इकाई उत्तराखंड अधिवक्ता परिषद देवभूमि के दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उक्त विचार रखें। शनिवार को प्रेमनगर आश्रम स्थित गोवर्धान हॉल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व जस्टिस राकेश थपलियाल ने कहा कि अधिवक्ताओं को लोगों के अधिकारों की रक्षा व संपति का समान वितरण केवल एक समस्या नहीं है। बल्कि यह एक नैतिक आवश्यकता है। हमारी कानूनी प्रणाली को समकालीन



समाज की व्यवहारिक जरूरत के लिए प्रासंगिक व गहराई से जुड़ा होना चाहिए। जन केंद्रित न्याय वितरण प्रणाली विषय संबोधान से पूर्व मुख्यातिथि जस्टिस थपलियाल व विशेष अतिथि पूर्व राज्यपाल, भगत सिंह कोश्यारी व मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गीत गाया। स्कूली छात्रओं ने मां सरस्वती की वंदन गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पधाारे विशेष अतिथि पूर्व राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका को कानूनी दायित्व व कर्तव्यों के साथ मानव मूल्यों व भावनाओं के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कई स्मरण बातों को रखते हुए न्यायपालिका, व्यवस्थापिका के सामंजस्य को मजबूत करने पर जोर दिया। मंचासिन अतिथि राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह ने श्रद्धेय दत्तोपंत ठगडी के वर्ष 1992 से स्थापित अधिावक्ता परिषद निरंतर कानूनी क्षेत्र में सुधाार व देश हित के मुद्दों पर समाज का मार्गदर्शन कर रहा है। संगठन से जुड़े अधिावक्ता कानूनी दायित्व का भली भांति समाज व वादकारियों के हित के लिए योगदान दे रहे हैं। यूपी व उत्तराखंड प्रदेश संयोजक विपिन कुमार ने अपने संबोधान में परिषद की भूमिका व कार्यकर्ताओं के संगठित प्रयास से प्राप्त परिणाम की बातें रखीं। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्षा जानकी सूर्या ने की। कार्यक्रम में आर.एस.एस प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल, विभाग प्रचारक डॉ शैलेन्द्र, सह जिला कार्यवाह भूपेंद्र, राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह प्रदेश संयोजक विपिन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या,उपाध्यक्ष राजेश सिंह राठौर, प्रदेश महामंत्रे अनुज कुमार शर्मा, भास्कर चन्द्र जोशी, योगेश शर्मा, जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर, महामंत्रे प्रियंका वर्मा आदि अधिावक्तागण उपस्थित रहे।

# ज्ञान गंगा एकेडेमी में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** द ज्ञान गंगा एकेडेमी, जगजीतपुर में उत्तराखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधाानाचार्या मीरा पंचोली ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और विद्यार्थियों को राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य बताए। अध्यापिका प्रियंका ने बताया कि बच्चों ने उत्तराखंड के लोकप्रिय गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। बंदना डबराल, रेखा कोठारी, मोनिका और तनु ने बताया कि प्रस्तुतियाँ मनमोहक रहीं। पहली कैटेगरी में



परीधाी, दीक्षा और आवृति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दूसरी कैटेगरी में योगिता यादव, आरव और नीविका सैनी विजेता रहीं। कार्यक्रम का संचालन सविता उनियाल और नेहा तोमर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणु और कल्पना दीदी सहित पूरे स्टाफ का सहयोग रहा

# शनिदेव की कृपा से बदलता है भाग्यः महंत कौशलपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। उनकी पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति पर कभी संकट नहीं आता है। भगवान शनिदेव अपने भक्तों के सभी कष्ट पल भर में हर लेते हैं। शनिवार को मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कनखल सिद्ध पीठ भैरो मंदिर के महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शनि देव की कृपा जिस पर हो जाती है उसका बेड़ा भगसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। प्रथम बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। यह भी कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार की रात में काले चने पानी में भिगों दें। शनिवार को भीगे चनों का प्रसाद करें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और साढ़ेसाती का प्रभाव कम होता है। इसके अलावा अमावस्या की रात में आठ बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधाकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव पलभर में गरीब को अमीर बना देते हैं और करोड़पति को खाकपति बना देते हैं। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें। ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं। इस अवसर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि, महंत महेश पुरी, स्वामी विपनानन्द, महंत गोविन्द दास, स्वामी नागेंद्र महाराज, महंत राघवेंन्द्र दास, अमित वालिया आदि ने भी भक्तों को संबोधित किया।

# राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड राज्य के स्थापना रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में आज ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविधालय ऑडोटोरियम में जिला प्रशासन की ओर से जनपद के राज्य आंदोलनकारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि राज्य सभा सासंद कल्पना सैनी एवं अन्य जनप्रतिनिधाियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों को पुष्प माला एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा ग्रामोत्थान रीप परियोजना, उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति एवं ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सात सी.एल.एफ को वितरित किए 52 लाख 33 हजार के चेक इसी क्रम में कुणाल धावन एवं उनकी टीम द्वार भजन की प्रस्तुति दी गई तथा सूचना विभाग के सांस्कृतिक दल एवं डी.पी.एस के छात्र छात्रओं द्वारा संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, हरिद्वार मेयर,राज्य मंत्री सुनील सैनी, ओमप्रकाश जमदग्नि, जिलाधिकारी, कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोभाल, अधिकारीगण, राज्य आंदोलनकारी, जनप्रतिनिधिा,विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्रएं एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बहादराबाद पुलिस द्वारा 5000 लीटर लाहन नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस ने कल अहमद ग्रंट के घने जंगलो व नालों में अवैधा कच्ची शराब की तलाशी अभियान के दौरान कच्ची शराब बनाने के लिए रखें गए पाँच हजार लीटर लाहन को मौके पर नष्ट करते हुए बड़ी मात्र में कच्ची शराब बनाने के उपकरण बरामद कर अग्रिम विधिाक कार्रवाई की।

# हम सब उत्तराखंड एकता सौहार्द बनाये रखें: श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधाानसभा सत्र के दौरान विधाायकों की ब्यान बाजी पर उत्तराखंड में पहाड़-मैदान के मुद्दे को लेकर पैदा किए जा रहे विवाद पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मुद्दे पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में उनके सान्निध्य में, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, किसानों और कारोबारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस कुचक्र की कड़ी निंदा करते हुए सभी ने प्रदेश की एकता और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। साथ ही, इस दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के लिए एक समन्वय समिति गठित की गई, जिसके संयोजक के रूप में प्रोफेसर सुनील कुमार बत्र को



जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा की हरिद्वार का पानी रोकने संबंधी बयान और टिहरी विस्थापितों को वापस भेजने की बातें अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जो राज्य की एकता को कमजोर करती हैं। पहाड-मैदान के नाम पर वैमनस्य फैलाना राज्य के विकास के लिए घातक है। उन्होंने सुझाव दिया कि समन्वय समिति हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जैसे जिलों में जाकर जनता को जागरूक करेगी और स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करेगी क्योंकि शिक्षण संस्थाओं से ही प्रदेश और देश के भविष्य का निर्माण होता है। बैठक में स्वामी दर्शन भारती ने कहा कि यह विवाद एक साजिश के तहत रचा जा रहा है ताकि राज्य को कमजोर किया जा सके। प्रो. सुनील कुमार बत्र ने कहा कि यह राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का प्रयास है। डा. संजय माहेश्वरी ने कहा कि जब आरएसएस और भाजपा अखंड भारत की बात करते हैं तब पहाड़-मैदान का भेदभाव उचित नहीं। बैठक में कई सम्मानित एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से तंग आकर इस्तफे की घोषणा : मुकर्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकर्रम अंसारी ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और उनकी पुत्री विधाायक अनुपमा रावत के द्वारा हरिद्वार एवं मैदान का मुद्दा न उठाने पर कई ग्राम प्रधाानों एवं समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पहाड़ क्षेत्र के निवासियों ने जिन्हें नकार दिया ऐसे नेताओं को हरिद्वार मैदानी क्षेत्र ने चुनाव जीताकर संजीवनी दी। लेकिन कभी हरिद्वार के विकास के लिए बात नहीं की। मुस्लिम अब घिडियाली आंसू बहाने वालों के झांसे में नहीं आएंगे। शनिवार को प्रेसक्लब हरिद्वार में समर्थकों के साथ पत्रकारवार्ता कर मुकर्रम अंसारी ने कहा कि कांग्रेस केवल दो सीटों पर मुस्लिमों को टिकट देती है और साथ में बैठाने पर भी इन्हें बदबू आती है। उन्होंने कहा कि पहाड़ में आज तक किसी हरिद्वार वासी को विधानसभा टिकट क्या कभी जिला पंचायत का सदस्य बनने तक का मौका नहीं दिया। जब किशोर उपाध्याय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तो टोपी पहनकर रोजा इफ्तार करते थे, इन्हें हरिद्वार में ही मुक्ति मिलती है। लेकिन आज हरिद्वार का पानी रोकने की धामकी देते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम त्रिवेंद्र और निशंक के भी पाप हरिद्वार में ही धुले उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत पर जमकर निशाना साधाा उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के नेता विकास और मुद्दों की बात नहीं करते। ऐसी पार्टी से इस्तीफा देना चाहिए। मुकर्रम अंसारी ने कांग्रेस से इस्तीफा की घोषणा करते हुए मिशन 2027 के लिए मैदान में उतरने को कहा।




हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
Mh- , l- oek çHkkjh
gfj}kj@c;jk phQ
मो.: 9411100741

## सरकार ने किया सैनिकों व शहीदों के परिजनों का अपमान: दसौनी


शहीदों के परिजनों पर बिजनेसमैन को प्राथमिकता दे रही सरकार

देहरादून (शाह टाइम्स)। उत्तराखंड की रजत जयंती समारोह से ठीक एक दिन पहले सरकार ने जिस तरह का अमर्यादित और अपमानजनक व्यवहार हमारे सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों के साथ किया है, वह पूरे सैन्य प्रधान प्रदेश के सम्मान पर गहरी चोट है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का।

दसौनी ने बताया कि आमंत्रण पत्र में बैठने की जो 14 श्रेणियां बनाई गई हैं, उनमें पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों को नीचे से दूसरी यानी 13वीं श्रेणी में रखा गया है और उनसे ऊपर बिजनेसमैन को प्राथमिकता दी गई है। यह केवल एक सूची नहीं, बल्कि यह सरकार की मानसिकता और प्राथमिकताओं का आईना है। दसौनी ने कहा कि यह वही मुख्यमंत्री हैं जो स्वयं को सैनिक पुत्र कहने में गर्व महसूस करते हैं, लेकिन आज उनके शासन में सैनिकों का अपमान खुलेआम हो रहा है। इस अक्षम्य कृत्य के लिए सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को सैनिकों और शहीद परिजनों से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

# आज उत्तराखंड आएंगे पीएम मोदी, 8260 करोड़ की देंगे सौगात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 नवम्बर को उत्तराखंड राज्य गठन की रजत जयंती पर एफआरआई देहरादून में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे तथा समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के इस अवसर पर प्रधानमंत्री 8260 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उनमें अमृत योजना के तहत देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र, तथा हल्द्वानी स्टेडियम (नैनीताल) में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान प्रमुख हैं।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री दो महत्वपूर्ण पेयजल परियोजनाओं, सोंग बांध पेयजल परियोजना (देहरादून) और जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना (नैनीताल) का शिलान्यास करेंगे। सोंग बांध परियोजना देहरादून को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल उपलब्ध कराएगी, जबकि जमरानी परियोजना सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और बिजली उत्पादन में सहायक होगी। इसके अतिरिक्त जिन अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, उनमें चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना, नैनीताल में अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र, तथा विद्युत सबस्टेशन परियोजनाएं शामिल हैं।


पीएम नरेन्द्र मोदी 9 नवंबर को उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती कार्यक्रम में करेंगे भागीदारी

अमृत योजना के तहत देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र व हल्द्वानी में एस्ट्रोटर्फ हॉकी का करेंगे उद्घाटन

### देहरादून में लगभग ढाई घंटे रहेंगे पीएम

राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के मुख्य कार्यक्रम में 9 नवंबर को शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजे देहरादून पहुंच जाएंगे। वह करीब ढाई घंटे दून में रहेंगे।एफआरआई में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बीच यहां एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। पीएम के लिए यहां राज्य के विकास की झलक दिखाने वाली गैलरी और कई अन्य सजावट की गई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को सुबह करीब 11 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगे।वहां से सेना के हेलिकॉप्टर से इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) आएंगे। वहीं से भीतर एफआरआई में कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री मोदी यहां करीब 1:15 बजे तक रहेंगे। दोपहर करीब 1:30 बजे वह लौट जाएंगे।

## पीएम के स्वागत को दुल्हन की तरह सजा एफआरआई

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर होने वाले मुख्य समारोह की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वन अनुसंधान संस्थान में जिस स्थल पर यह कार्यक्रम होगा, वहां टेंट लगाने का कार्य बीते 9 दिनों से चल रहा है। राज्य सरकार को यह उम्मीद है कि कल होने वाले कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोग सीधे तौर पर प्रधानमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री यहां पर कुछ लाभार्थियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। राज्य में चल रही योजनाओं का सीधा असर लाभार्थियों को कैसे मिल रहा है, इसकी जानकारी भी पीएम मोदी लेंगे।



कार्यक्रम स्थल पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जिसमें उत्तराखंड की 25 सालों की यात्रा उत्तराखंड में चल रहे तमाम प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। बताया जा रहा है कि लगभग 2 घंटे से अधिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी देहरादून में रहेंगे। कार्यक्रम में सभी पूर्व मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, बुद्धिजीवी वर्ग और अन्य फील्ड से जुड़े लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि राज्य पीएम मोदी को सुनने के लिए बेहद उत्साहित रहता है। लोगों में 9 नवंबर को होने वाले भव्य कार्यक्रम को लेकर भी बेहद उत्साह है। रविवार का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण दिन है, जब पीएम कई सौगात राज्य को सौंपेंगे, हमने सभी तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है।

## उत्तराखंड के विकास का आधार है मातृशक्ति: रेखा



आधी आबादी ने मनाया चौथाई सदी का जश्न, महिलाओं के योगदान को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर गौलापार स्थित मानसखंड खेल परिसर में शनिवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से ष्मातृ शक्ति उत्सव:-अमृत काल की नारी शक्ति: जननी भी, जननेता भीष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या थीं।

कार्यक्रम में राज्य स्थापना से लेकर अब तक महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को सजीव प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। मंचीय प्रस्तुतियों में उत्तराखंड आंदोलन के दौर की झलक से लेकर आज के विकासशील उत्तराखंड की कहानी में नारी शक्ति की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना में मातृशक्ति ने निर्णायक योगदान दिया था और आज राज्य की प्रगति यात्रा में भी महिलाओं की भूमिका अग्रणी है।

उन्होंने कहा कि अब हमारा अगला लक्ष्य 2047 के विकसित भारत के निर्माण में अपनी पूरी सामर्थ्य और समर्पण से योगदान देना है। उत्तराखंड की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम के दम पर राज्य का मान बढ़ा रही हैं। उन्होंने मातृशक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की संस्कृति और साथ ही महिलाओं की विकास यात्रा का संगम देखने को मिला। इसके अलावा परिचर्चा में विशेषज्ञ महिलाओं ने मंथन भी किया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री शांति मेहरा, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के निदेशक बी.एल. राणा, दुग्ध संघ लालकुआं अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख ओखलकांडा केडी रुपाली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति भट्ट, राशन डीलर्स यूनियन प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी, विभागीय उपनिदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी एवं नीतू फुलेरा सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## रजत जयंती: कांग्रेस ने पोस्टर प्रदर्शनी में लगाई बोलती तस्वीरें

दस साल बनाम पंद्रह साल

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने किया वरिष्ठ नेताओं संग प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह पखवाड़ा मना रही कांग्रेस ने एक नवंबर को शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में दस साल बनाम पंद्रह साल की टैग लाइन वाली पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन शुरू किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

प्रदेश कांग्रेस की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी में तीन गैलरी बनाई गई हैं जिनमें अलग अलग भाग में कांग्रेस के दो कार्यकाल के दस वर्षों की कुछ प्रमुख उपलब्धियों के बारे में एक भाग में भाजपा सरकार के तीन कार्यकालों के तहत वर्षों व चौदह महीनों को चला काम चलाऊ सरकार के कुल पंद्रह सालों में हुए विभिन्न घोटालों, महिलाओं के खिलाफ अपराध व हिंसा, केदारनाथ मंदिर में सोना चोरी, दिल्ली के बोराड़ी में केदारनाथ धाम मंदिर निर्माण का प्रयास, अंकिता भंडारी हत्याकांड से लेकर आशंका शर्मा तक के मामलों को दर्शाया गया है और एक भाग में भाजपा सरकारों के कार्यकाल में हुए जन विरोधी कार्यों के विरुद्ध कांग्रेस के आंदोलनों व विभिन्न कार्यक्रमों को दर्शाया गया है। अधिकांश पोस्टर समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के कोलाज बना कर लगाए गए हैं जो प्रदर्शनी में लगे पोस्टरों को और प्रामाणिक बना रहा है। माहरा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी प्रदेश की हकीकत बयां कर रही है क्योंकि इस प्रदर्शनी में हमने अपनी ओर कुछ नहीं लगाया बल्कि जो मीडिया ने प्रदेश के हालत बयां किए और जो मीडिया में प्रकाशित हुआ उसी को पोस्टर प्रदर्शनी में क्यों का त्यों पेश किया गया।

## सीएम ने की राज्य आंदोलनकारी व आश्रितों की पेंशन बढ़ाने की घोषणा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में आयोजित राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिवार-जनों को सम्मानित किया। कचहरी परिसर शहीद स्थल और पुलिस लाइन देहरादून में इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि देवभूमि के लाखों लोगों के बलिदान, संघर्ष और तप का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी और रामपुर तिराहा जैसी दर्दनाक घटनाएं हमारे इतिहास के अमर अध्याय हैं।


सीएम धामी ने राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है और देती रहेगी।

उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों के लिए संचालित पेंशन एवं अन्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल सहायता नहीं, बल्कि हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद रखेगी और उनकी भावना को प्रत्येक नीति एवं निर्णय में स्थान देगी।

उन्होंने अपील की कि राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासी अपने घरों में पाँच दीपक राज्य आंदोलनकारियों की स्मृति में अवश्य जलाएँ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, उपाध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद सुभाष बड़थ्वाल, डीएम सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह एवं राज्य आंदोलनकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

- शहीद राज्य आन्दोलनकारियों के नाम पर उनके क्षेत्र की मुख्य अवस्थापना सुविधाओं का नामकरण किया जायेगा।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान 7 दिन जेल गये अथवा राज्य आन्दोलन के दौरान घायल हुये आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 7 हजार रुपए प्रतिमाह की जाएगी।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान जेल गये या घायल श्रेणी से भिन्न अन्य राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 4500 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रतिमाह की जाएगी।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान विकलांग होकर पूर्णत: शय्याग्रस्त हुए राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 20,000 हजार रूपए से बढ़ाकर 30,000 हजार रुपए की जाएगी और उनकी देखभाल के लिए मेडिकल अटेंडेंड की व्यवस्था भी की जाएगी।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान शहीद हुए राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन प्रतिमाह 3000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए की जाएगी।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण के लिए वर्ष 2021 तक जिलाधिकारी कार्यालय में प्राप्त लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए छ: माह का समय विस्तार प्रदान किया जायेगा।
- समस्त शहीद स्मारकों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

## कांग्रेसी प्रदर्शनी विभाजनकारी व राजनैतिक हताशा की परिचायक: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। भाजपा ने रजत जयंती वर्ष पर कांग्रेसी प्रदर्शनी को राज्य की उपलब्धियों पर नकारात्मक मानसिकता और राजनैतिक हताशा का परिचायक बताया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने निराशा जताते हुए कहा कि जब समूचा राज्य इस गौरवमयी अवसर को उत्साहपूर्वक मना रहा है तो कोई कैसे विकास के सफर को 15, 25 वर्ष में बांट सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में लाखों लोग एक स्थान पर खुशी मनाएंगे और


कहा-समूचा प्रदेश रजत जयंती समारोह में शामिल, विपक्ष राजनैतिक तिकड़मों में मशगूल

बेहतर हो कांग्रेस नेता भी इसमें शिरकत करें। उन्होंने कांग्रेस द्वारा तुलनात्मक विकास प्रदर्शनी और उनके नेताओं के बयानों को बेहद निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। आज समूचा राज्य इन 25 वर्षों की उपलब्धियों और विकास के सफर पर जश्न मना रहा है।

इस ढाई दशक में तमाम उतार चढ़ावों का सामना करते हुए, निसंदेह हम आज उस मुकाम पर पहुंचे हैं जहां से विकसित राज्य निर्माण की उड़ान शुरू हुई है। यह समूचे प्रदेश और जनता के लिए खुशी, आत्मचिंतन और नए लक्ष्यों को तय कर, आगे बढ़ने का समय है।

उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि जब समूचा प्रदेश एकजुट होकर, विकास और जनकल्याण की उपलब्धियों पर चर्चा कर, विकसित भारत निर्माण के लिए नई ऊर्जा प्राप्त कर रहा है, तब कांग्रेस सरकार के कार्यों और भाजपा सरकार की नाकामियों के नाम पर प्रदर्शनी लगाना, कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी मानसिकता को दर्शाता है।

## स्नेहा राणा ने उत्तराखंड का मान बढ़ाया: जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर और विश्व कप विजेता स्नेहा राणा से उनके देहरादून स्थित आवास पर भेंट की। इस दौरान मंत्री जोशी ने स्नेहा राणा को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी भी उपस्थित रहीं।उन्होंने कहा कि स्नेहा राणा ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल भारतीय टीम को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे उत्तराखंड को भी गर्व से भर दिया है। स्नेहा ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी स्नेहा राणा की यह उपलब्धि राज्य की सभी बेटियों के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि स्नेहा ने यह साबित किया है कि हमारे पर्वतीय प्रदेश की बेटियां भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि उत्तराखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना सकें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, संध्या थापा, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड की नारी शक्ति नजमा को मिला सम्मान

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला सशक्तिकरण और राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान को सम्मानित किया।

नजमा खान को यह सम्मान राज्य आंदोलनकारी होने के साथ-साथ उनके लंबे सामाजिक सरोकारों और महिला अधिकारों की दिशा में निरंतर किए गए संघर्ष के लिए दिया गया।

राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि नजमा खान जैसी महिलाओं ने उत्तराखंड के निर्माण और समाज के पुनर्गठन में मूक लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। ऐसे कार्यकर्ताओं का योगदान राज्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज रहेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने आंदोलनकारी व समाजसेविका नजमा खान को रजत जयंती पर नवाज़ा, महिला अधिकार, शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय



नजमा खान लंबे समय से महिला अधिकार, शिक्षा, सामाजिक समानता और कमजोर वर्गों की बेहतरी के लिए सक्रिय रही हैं। उत्तराखंड आंदोलन के दौरान उन्होंने महिला मोर्चे को संगठित कर जनआंदोलन की आवाज को गाँव-गाँव तक पहुँचाया, और अनेक बार प्रशासनिक दमन के बावजूद आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में रहीं। उनके नेतृत्व में महिलाओं ने सड़क से लेकर धरना स्थलों तक राज्य की मांग को बुलंद किया।

## पर्यटन: 1200 करोड़ की परियोजनाओं पर हुआ निवेश: महाराज

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा में पर्यटन विभाग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। राज्य सरकार की ओर से पर्यटन क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं एवं प्रदेश में तमाम पर्यटक सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है। पर्यटन सेक्टर में निजी पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए नई पर्यटन नीति 2023-30 लागू होने के बाद पर्यटन क्षेत्र में 1200 करोड़ की परियोजनाओं पर निजी निवेशकों ने कार्य प्रारंभ किया है।

यह बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व व संस्कृति मंत्री मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड की रजत जयंती पर राज्य की विकास यात्रा में पर्यटन विभाग की भूमिका की जानकारी देते हुए भविष्य में किये जाने वाले कार्यों के विषय में भी सरकार के योजनाओं का खाका खींचा है।



प्रदेश में बनेंगे नए पर्यटन डेस्टिनेशन

राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण रही पर्यटन विभाग की भूमिका

न्होंने कहा कि राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में जहां राज्य में 110.79 लाख देशी और 56,766 लाख विदेशी पर्यटक उत्तराखंड आए वहीं वर्ष 2024 तक राज्य में 593.74 लाख देशी और 177 लाख विदेशी सहित कुल 596 लाख पर्यटक उत्तराखंड की धरती पर आए। वर्ष 2000 में जहां राज्य में विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा एवं हेमकुंड यात्रा पर 1619961 आये वहीं 2025 में 59 लाख श्रद्धालु और पर्यटकों का उत्तराखंड में आगमन हुआ है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 2013 में आई केदारनाथ त्रासदी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों राज्य सरकार ने केदारनाथ धाम में 225 करोड़ के पुनर्निर्माण कार्य करवाए हैं जबकि 191 करोड़ के कार्य अभी भी चल रहे हैं।

इसी प्रकार बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट स्पिरिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित करने को 273 करोड़ के सीएसआर फंड से कार्य करवाए जा रहे हैं।

### रोपवे के निर्माण से आवाजाही होगी सुगम

पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं। 8,000 से अधिक युवक एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ा गया है। राज्य सरकार ने शाक्त, शैव और वैष्णव सर्किटों के अलावा विवेकानंद सर्किट, गोल्ज्यू सर्किट, गुरुद्वारा सर्किट, नवग्रह सर्किट, नागराजा सर्किट, हनुमान सर्किट और महासू देवता सर्किट जैसे कई पर्यटन सर्किटों की स्थापना की है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 16 प्राचीन मंदिरों को पर्यटन सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा। सरकार मानसखंड मंदिर माला मिशन की तरह ही केदारखण्ड मंदिर माला मिशन योजना को भी धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। देहरादून से मसूरी, गोविन्द घाट से हेमकुण्ड साहिब तथा सोनप्रयाग से केदारनाथ रोपवे के निर्माण की कार्यवाही गतिमान है।

महाराज ने कहा कि राज्य में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना से अब तक 1118 लोग लाभान्वित भी हो चुके हैं।

# टाटा मैजिक-रोडवेज बस में आमने-सामने टक्कर

## रामपुर रोड के गन्ना सेंटर में ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, 12 लोग जख्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड पर शनिवार शाम को एक और भीषण सड़क हादसा हुआ। ओवरटेक की कोशिश में सवारियों से भरी टाटा मैजिक सामने से आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में टाटा मैजिक में सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को तुरंत उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद डिपो की बस संख्या यूपी78केटी-4869 सवारियां लेकर हल्द्वानी से रामपुर की ओर रही थी।



जबकि टाटा मैजिक संख्या यूके 04ईए5242 रुद्रपुर से सवारियां लेकर हल्द्वानी की ओर आ रही था। टाटा मैजिक में सवार सवारियों का कहना था कि चालक, मैजिक को कफी तेजी से चला रहा था। गन्ना सेंटर के पास स्थित ऑलिविया कॉलोनी के पास पहुंचने पर मैजिक चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और तभी सामने से आ रही बस से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषणा था कि मैजिक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि बस के आगे की शीशा टूट गया। टक्कर लगते ही चीख-पुकार मच गई। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बस का चालक बस और सवारियों को छोड़ कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में मैजिक में सवार घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में 55 वर्षीय कुंती देवी, 32 वर्षीय विंदास, 26 वर्षीय ललिता पांडे, 40 वर्षीय बुद्धि सेन, 19 वर्षीय बबलू मौर्या, 32 वर्षीय सरोज, 22 वर्षीय गायत्री आर्या, 23 वर्षीय सरिता आर्या, 31 वर्षीय मीना, 11 वर्षीय मनीष, 2 वर्षीय दिव्यांशी, 32 वर्षीय चालक चिरनजीत शामिल हैं। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को सुशीला तिवारी भर्ती कराया गया है। जबकि बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया, बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### घायलों को बोलेरो चालक ने पहुंचाया अस्पताल

**हल्द्वानी।** देर शाम गन्ना सेंटर के पास हुए सड़क हादसे में दौरान छड़ायल निवासी वीर जोशी ने बताया कि वह घटना के समय मौके पर मौजूद थे। गन्ना सेंटर के पास अचानक उन्होंने देखा कि एक टाटा मैजिक वाहन ओवरटेक करने के चक्कर में उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस से आमने-सामने टकरा गया। इस टक्कर में टाटा मैजिक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। एक बोलेरो चालक ने अपनी गाड़ी रोक दी और एंबुलेंस के पहुंचने से पहले घायलों को अपनी गाड़ी में अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और बाकी घायल सवारियों को अस्पताल भेजा। वीर जोशी ने यह भी बताया कि वह वंदेमातरम ग्रुप से जुड़े हुए हैं और इस दौरान मदद के लिए ग्रुप के सदस्य भी मौके पर पहुंचे थे।

# दुस्साहसः घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश

## युवती के पिता को पीटकर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर ज्योति दमुवाढुंगा क्षेत्र में कुछ युवक एक युवती के घर में घुसे और युवती से छेड़छाड़ करने लगे। जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवकों ने उसके पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर काठगोदाम थाने में तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 7 अक्टूबर की रात करीब दस बजे पूरा परिवार खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाला चन्दू मौर्या, राहुल मौर्या, संजू मौर्या व तनुज मौर्या उनके घर में घुसे। आरोप है कि चारों युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती व छेड़छाड़ कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। इसी बीच बेटी को बचाने के लिए बीच बचाव करने आए युवती के पिता पर युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान होकर जमीन में गिर गए। पीड़िता ने पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत की। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पिता को परि. जनों ने बेस अस्पताल में भर्ती कराया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर युवकों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# कैंचीधाम के लिए आज शटल सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष और रविवार की छुट्टी के चलते इस बार कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कैंची धाम रूट पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। भक्तों को बाबा के दर्शन कराने के लिए शटल सेवा का संचालन किया जाएगा, जबकि भारी वाहनों के लिए एक अलग रूट निर्धारित किया गया है। पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को कैंची धाम यात्रा रूट पर वाहनों का दबाव अधिक होने की संभावना है, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रात 8 बजे से पर्यटकों और भारी वाहनों के लिए यातायात और डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। नैनीताल और



ज्योलिकोट से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनिटोरियम में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा के माध्यम से उन्हें कैंची धाम में दर्शन कराए जाएंगे। भीमताल मार्ग से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन भीमताल में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा द्वारा भक्तों को कैंची धाम भेजा जाएगा। हमें पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी डायवर्जन का इंतजाम किया गया है। ऐसे वाहनों को भीमताल रोड से खुटानी, मुक्तेश्वर और रामगढ़ होते हुए अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों जैसे सब्जी, फल, ईंधन, गैस, दूध आदि का आवागमन सुचारू रहेगा। अल्मोड़ा, रानीखेत और बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जाने वाले भारी वाहनों को क्वारब, रामगढ़, मुक्तेश्वर और खुटानी होते हुए भीमताल से अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। पुलिस ने स्थानीय निवासियों, पर्यटकों, वाहन स्वामियों और चाल. कों से अपील की है कि वे यातायात प्लान का पालन करते हुए अपनी यात्रा करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### घर से बरामद शराब

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। आरोपी का नाम पूरन चंद्र सागर निवासी नाथूपुर पड़ली लामाचौड़ है, जो पहले भी आबक. ारी अधिनियम के तहत संलिप्त मामलों में शामिल रहा है। पुलिस टीम ने साढ़े चार बजे एसआई अविनाश मौर्य के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की। जैसे ही पूरन को पुलिस ने देखा वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसकी पत्नी चंद्र किरण को पकड़ लिया। पुलिस ने घर के कमरे की तलाशी ली और अलमारी के पास सफेद डिब्बे से 5 भरे हुए और 1 खाली पाउच बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# 336 राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान

## राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष से ही साकार हुआ उत्तराखण्ड का सपनाः डब्बू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान समारोह आयोजित किए गए। हल्द्वानी तहसील का मुख्य कार्यक्रम एमबीपीजी महाविद्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखण्ड मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, हुकुम सिंह कुंवर तथा एसडीएम राहुल शाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होना हर उत्तराखण्डवासी के लिए गर्व और आत्मसम्मान का




विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन और रोजगार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। डा. डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास के नए आयाम छू रहा है। बीते चार वर्षों में नीतिगत निर्णयों से लेकर कार्यसंस्कृति तक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिससे प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से ही आज उत्तराखण्ड का सपना साकार हुआ है, और अब प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राज्य के समग्र विकास में अपना योगदान दे। इस अवसर पर हल्द्वानी और लालकुआँ क्षेत्र के 336 राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राहुल शाह, रेखा कोहली, तहसीलदार कुलदीप पांडे, पूजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में राज्य आंदोलनकारी, समाजसेवी मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच का आन्दोलन स्थगित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य के सभी विभागों में शिकायत निवारण समितियों के गठन को लेकर शासन ने शुक्रवार देर सायं कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन आदेशों के बाद उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने 9 नवम्बर से देहरादून स्थित शहीद स्थल में प्रस्तावित आन्दोलन को स्थगित करने की घोषणा की है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के अनुभाग-2 की ओर से अपर सचिव नवनीत पाण्डे के हस्ताक्षर से जारी आदेश में सभी विभागाध्यक्षों को उच्च न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2018 को जारी आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। कोर्ट के उक्त आदेश में कर्मचारी संगठनों के कार्य बहिष्कार और हड़ताल जैसी गतिविधियों को रो. कने के साथ-साथ संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक विभाग में शिकायत निवारण समिति के गठन और त्रैमासिक बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। शासन ने बताया कि 13 दिसम्बर 2018 को इस संबंध में आदेश जारी किए गए थे, किंतु सात वर्ष बीत जाने के बावजूद अधिकांश विभागों में समितियों का गठन नहीं हुआ है। आदेश में यह भी कहा गया है कि जहां समितियां गठित हैं, वे त्रैमासिक बैठकों में लिए गए निर्णयों का ब्यौरा शासन को भेजें, और जहां नहीं हैं, वहां तत्काल गठन कर नियमित बैठकें सुनिश्चित करें। उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने शासन के आद. ेश का स्वागत किया है।

# संगठन की मजबूती ही सफलता की कुंजीः यशपाल

## नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस एससी विभाग नैनीताल के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निवास स्थान पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस कमेटी एससी विभाग नैनीताल के पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के जिला अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जिलाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इन्दर पाल आर्य की संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व ने कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा दी है। उनकी मेहनत और समर्पण से जिले



में पार्टी की पकड़ मजबूत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने का लक्ष्य बनाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य ने कहा कि वे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि नैनीताल जिले समेत पूरे उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए और समाज के सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ा जाए। इस अवसर पर नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# धामी के नेतृत्व में बन रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदेशः डा. डब्बू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष और प्रमुख राज्य आंदोलनक. ारी डा. अनिल डब्बू ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में वृद्धि, सरकारी गेस्ट हाउस में छूट, चिन्हीकरण की प्रक्रिया को 6 महीने में पूरा करने की घोषणा, और गंभीर बीमारी के लिए अटेंडेंट की सुविधा देने के निर्णय को राज्य आंदोलनकारियों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।



डा. डब्बू ने मुख्यमंत्री के इन निर्णयों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद एक राज्य आंदोलनकारी रहे हैं और आज पूरे प्रदेश में राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने हर कदम से राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान का प्रदर्शन कर रही है। डा. डब्बू ने यह भी कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करने के दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, और उनके दिशा-निर्देशों में मुख्यमंत्री धामी राज्य को हर क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि उत्तराखंड अगला दशक देश का सबसे श्रेष्ठ प्रदेश बने, और मुख्यमंत्री धामी इस लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण ज़रूरीः रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी बसंत विहार में पहाड़ी आर्मी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने की।

इस दौरान उन्होंने पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान की विस्तार से जानकारी दी और पर्वतीय संस्कृति, अस्मिता तथा संसाधनों को संरक्षित करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक में जिला प्रभारी महिला दीपा पांडे और जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कांडपाल ने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जहां सरकार रजत जयंती मना रही है, वहीं राज्य के लोग अब भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हल्द्वानी



के नवाबी रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में 25 वर्षों में उत्तराखण्ड कहां और क्यों विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों, पहाड़ हितैषी संगठनों और जनप्रतिनिधियों से इसमें शामिल होने की अपील की। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रेमा मेर, सचिव अंजू पांडे, नीमा भट्ट ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में देवभूमि में महिला अपराध की दर इतनी बढ़ी है कि यह दानव भूमि में बदलती नजर आ रही है। नगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे ने कहा कि जिस संस्कृति, परंप. रा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए राज्य का निर्माण हुआ था, नीति निर्धारकों ने उसे भुला दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब दिल्ली और नागपुर की विचारधारा पहाड़ों पर थोपी जा रही है।

# भगवान शिव के अवतारों का वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित भूमिया मंदिर में शिव महापुराण ज्ञान कथा के नवें दिन ब्यास बसन्त बल्लभ त्रिपाठी ने भगवान शिव के 1022220 अवतारों का वर्णन करते हुए 12 ज्योर्तिलिंग की कथा सुनाई। ब्यास जी ने शिव महिमा को अपरम्पार बताते हुए कहा कि श्रद्धाभाव से शिव के नाम का जाप करने से मनुष्य की समस्त मनोकामना पूर्ण हो जाती है। पांच सौ से अधिक साल पुराने हल्दू के वृक्ष के नीचे बने चबूतरे में स्थापित इस प्राचीन भूमिया मन्दिर के प्रति आसपास के क्षैत्रवासियों की गहरी आस्था होने के कारण कथा सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आ रहे हैं और संगीतमय माहौल में शिवभक्ति में नाचते झूमते नजर आ रहे हैं। भूमिया मन्दिर समिति की ओर से गत 31 अक्टूबर से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ नवम्बर से हवन में आहुति दी जायेंगी और 10 नवम्बर को पूर्णाहुति के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। मन्दिर समिति यज्ञ के निर्विघ्न और भव्य समापन हेतु तैयारी में जुटी है। शनिवार की प्रात: पंडित उमेश चन्द्र त्रिपाठी द्वारा वैदिक मन्त्रोचारण के साथ गणेशादि, शिवपूजन और पंचागपूजन कराया गया जिसमें मुख्य यजमान भास्करानंद लोहनी, सह यजमान नवीन जोशी थे। संगीतमण्डली में नवीन चन्द्र जोशी, दिव्यांशु त्रिपाठी, मुकुल चोपडा, मनोज तिवारी थे। कार्यक्रम में भूमिया मन्दिर समिति के अध्यक्ष तेज सिंह धौनी, संयोजक प्रेम बल्लभ काण्डपाल, कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र सुयाल, महेश चन्द्र जोशी, मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र पाण्डे, रूप सिंह बिष्ट, पार्षद नवीन जोशी, कैलाश जोशी, लक्ष्मण सिंह सौन, गिरीश तिवारी, पीएस बिष्ट, पुष्पा लोहनी, हेमा जोशी, जानकी जोशी, दीपा, चन्द्रिका बिष्ट, दीपा, कंचन जोशी, प्रभा जोशी आदि थे।

# एकता व्यापार मंडल ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सहयोग करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना में राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, जिस प्रकार आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राज्य निर्माण में योगदान दिया, उसी प्रकार हमें भी समाज की सेवा में आगे आना




चाहिए। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। आज के समय में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। रक्तदान शिविर में अतुल कुमार गुप्ता, अंकित पाल, सोनू बेलवाल, राघवेंद्र चौहान, चंद्रशेखर पांडे, सोनू पलाड़िया, मोहित तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9**
**ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### सीएम की घोषणा का स्वागत

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न मांगों को राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर स्वीकार कर घोषणा करने का राज्य आंदोलनकारियों ने स्वागत किया है। इस अवसर पर प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर, जगमोहन चिलवाल, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, नरेश चंद्र भट्ट, केदार पलड़िया, भुवन तिवारी, दीपक रौतेला, बालम सिंह बिष्ट, नीरज पंत, तरुण पंत, मोहानी बंगारी, दीवान सिंह बिष्ट, एनबी गुणवंत, नीमा अग्रवाल, किरन पांडेय, वीरेंद्र परिहार, जगमोहन बगड़वाल, हीरा सिंह बिष्ट, विनोद घड़ियाल आदि मौजूद रहे।

# गरीब बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकता जन सेवा फाउंडेशन, एंटी करप्शन सेल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के तत्वावधान में वीरांगना संस्थान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई और उन्हें उत्तराखंड की स्थापना, संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास के बारे में जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर एवं प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण ने किया। इस दौरान संगठन ने संस्थान द्वारा किए जा रहे भिक्षा-मुक्त, शिक्षा-युक्त भारत अभियान की भी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, नगर सचिव लक्ष्मी देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर, प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, वीरांगना संस्थान की प्रधानाचार्या गुंजन अरोरा, पूनम बिनवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड थराली**

पत्रांकः 268/सिं.ख.थ/निविदा/थराली — दिनांकः 07.11.2025

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/अधि0अ0/2025-2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनाँक 24/11/2025 को अपराहन 01:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो दिनाँकः 24/11/2025 को अपराहन 03:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय सिंचाई खण्ड थराली में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनाँक 11/11/2025 से 24/11/2025 पूर्वाहन 11:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना मद के अर्न्तगत देवाल के रा0प्रा0वि0 चौड़ में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य। | 39000.00 | 06 माह | 1500 + 18% GST | ई एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड थराली

## ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल-2 में आयोजित दो दिवसीय खेल 2.0 महोत्सव के समापन विजेता टीमों को पुरस्कार किए वितरित

# ग्रीनवे एक व दो की टीमों का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल-2 में आयोजित दो दिवसीय "खेल 2.0 महोत्सव" का समापन विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर किया गया। प्रतियोगिता में ग्रीन वे एक और दो की टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा।




देहरादून रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को विद्यालय के प्रबंधन विभाग माला चौहान एवं अशोक चौहान के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रिदम चौहान, महक चौहान, प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्या तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस भव्य आयोजन में प्रदेश के प्रतिष्ठित 24 शिक्षण संस्थानों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता की। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अदम्य जोश, उत्कृष्ट प्रदर्शन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर दिनभर खेलमय वातावरण से आलोकित रहा। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वॉलीबॉल, फुटबॉल, टग ऑफ वॉर, जी-2 रिले रेस तथा स्लो साइकिल रेस पाँच विविध खेलों का कुशल एवं अनुशासित संचालन किया गया। प्रत्येक खेल में खिलाड़ियों ने अपने जज्बे, कौशल एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 7 नवम्बर (शुक्रवार) को खेल 2.0 महोत्सव का द्वितीया दिवस का प्रारंभ भी अत्यन्त हर्षोल्लास, उमंग एवं गगनभेदी जयघोषों के साथ हुआ। द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताएँ अपने उत्कर्ष पर थीं, जहाँ खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन तथा टीम-भावना का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। इस महोत्सव का पर्यवेक्षण माला चौहान, अशोक चौहान, रिदम चौहान एवं महक चौहान द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वॉलीबॉल, फुटबॉल, टग ऑफ वॉर, जीख2 रिले रेस तथा स्लो साइकिल रेस जैसे पाँच विविध खेलों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में खिलाड़ियों का उत्साह एवं कौशल और भी प्रखर रूप में दृष्टिगोचर हुआ। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी दक्षता, सामूहिकता एवं संघर्षशीलता का अप्रतिम परिचय दिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के उपरांत प्रतियोगिता के फाइनल में रस्साकसी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 की टीम ए प्रथम,ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 की टीम बी. द्वितीया एवं ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 1 की टीम ए. ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।रस्साकशी प्रतियोगिता में ही बालक वर्ग से ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 1 की टीम बी.ने प्रथम , ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 1 की टीम में ए. ने द्वितीया और ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 की टीम ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में ए.पी.एस. 1 ने प्रथम, ए.पी.एस.2 ने द्वितीय तथा जी.



एम.एस.1 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से ए.बी.एन. की छात्रा ने प्रथम स्थान एवं बालक वर्ग से ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

रिले रेस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से जी.एम.एस. 1 ने प्रथम,जी.एम.एस. 2 ने द्वितीया एवं हेरिटेज स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस प्रतियोगिता में ही बालक वर्ग से ए.पी.एस. 1 ने प्रथम,जी.एम.एस.1ने द्वितीया एवं ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 ने तृतीय प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हेरिटेज स्कूल ने प्रथम, ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 ने द्वितीय एवं डी.पी.एस. रुड़की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भूषण एवं उप-प्रधानाचार्या शिखा साहनी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही, आगंतुक विद्यालयों के कोचों एवं अध्यापकों को स्मृति-चिह्न अर्पित कर उनको हार्दिक बधाई दी। समापन अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. भूषण ने कहा "खेल मात्र प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, वरन् अनुशासन, सहयोग, समर्पण और आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की गूंज के साथ हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति, गर्व एवं उत्साह की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

## डीएम का दरगाह प्रबंधक पर कड़ा एक्शन

# वित्तीय अनियमितताओं में रजिया बेग के वित्तीय अधिकार सीज

**❖दरगाह की संपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक निगरानी की जिम्मेदारी अब संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेठ को सौंपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** आखिरकार दरगाह प्रबंधक रजिया बेग पर गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने कड़ा एक्शन करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनके सभी वित्तीय अधिकारों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई उत्तराखंड वक्फ बोर्ड, देहरादून के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की 28 अक्तूबर 2025 की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। रिपोर्ट में रजिया बेग के कार्यकाल में ठेकों की प्रक्रिया, वसूली व्यवस्था और लेखांकन प्रणाली में गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है।जांच में पाया गया कि ई-निविदा की शर्तों की अनदेखी कर ठेके स्वीकृत किए गए तथा परफॉर्मेंस सिक्योरिटी राशि वसूले बिना ठेकेदारों को चार्ज सौंपा गया। इस लापरवाही के चलते दरगाह को प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान हुआ है।रिपोर्ट के अनुसार, दो ठेकेदारों से 10,88,578 की धनराशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है, जबकि अन्य ठेकेदारों से 2,33,98,999 रुपय की बकाया राशि की वसूली भी नहीं की गई। जांच अधिकारी ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय अनियमितता बताया है।इसके अतिरिक्त, दरगाह के बैंक खातों में 2 लाख रुपये से अधिक की नकद राशि जमा कराई गई है, जो आयकर अधिनियम एवं विभागीय नियमों का उल्लंघन है। साथ ही स्टॉक रजिस्टर और लेखा पुस्तकों में गड़बड़ी, नकद प्राप्तियों व वास्तविक आय में असंगति, तथा ठेकेदारों की अनियमितताओं को छिपाने के प्रयास भी उजागर हुए हैं।इन गंभीर आरोपों को देखते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि अब से दरगाह से संबंधित कोई भी भुगतान, अनुबंध या नकद लेनदेन रजिया बेग के माध्यम से नहीं किया जाएगा। दरगाह की संपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक निगरानी की जिम्मेदारी अब संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र शेट को सौंपी गई है।संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि रजिया बेग को नोटिस की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर लिखित स्पष्टीकरण और संबंधित अभिलेखों सहित उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी तथा दरगाह को हुए वित्तीय नुकसान की वसूली की प्रक्रिया भी आरंभ की जाएगी।

## राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष पर बीएसएम कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रिया पहले, शिवानी दूसरे व दीपिका-रिया ने पाया तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयन्ती वर्ष के समारोह के अवसर पर आज बीएसएम पीजी कॉलेज में उत्तराखंड राज्य के विगत 25 वर्ष डॉ. दीपक डोभाल इतिहास विभाग के दो व्याख्यान आयोजित किये गये , जो छात्र छात्राओं के लिए अत्यधिक ज्ञानवर्धक रहे ।इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, एपण प्रतियोगिता, गढ़वाली नृत्य, गढ़वाली गीत, की प्रस्तुतियां हुईं। एपण प्रतियोगिता में प्रिया प्रजेश ने प्रथम स्थान, शिवानी ने द्वितीय स्थान तथा दीपिका सैनी और रिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया ।सिमरन ,मनाली और मोहित को सान्त्वना पुरस्कार के लिये चुना गया । पोस्टर प्रतियोगिता में दीपिका सैनी प्रथम, हिमानी शर्मा द्वितीय तथा सुप्रिया तृतीय स्थान पर रहीं ।तरन्नुम, मन्तशा और सहबा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया । छात्र रिंकू बिष्ट ने गढ़वाली गीत प्रस्तुत किया तथा अंशिका चौधरी और सुहानी भट्ट ने मनभावन गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में, डॉ दीपक डोभाल, श्रीमती



दीपिका तोमर ,सुश्री अंजना सैनी रहीं ।कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रीमा सिन्हा , डॉ अलका तोमर तथा एन.एस.एस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ गौतमवीर ने छात्र छात्राओं को उत्तराखंड राज्य के विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों के विषय में बताया और अपनी संस्कृति को समझने, जानने और इससे जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ शिखा जैन, डॉ संदीप पोसवाल, डॉ सुरजीत सिंह ,डॉ अर्चना त्यागी ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दी ।कार्यक्रम में बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष तथा एम ए के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

## राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर

# आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरिद्वार जनपद में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले आंदोलनकारियों के अदम्य साहस और योगदान को नमन करने हेतु "उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह" तहसील परिसर रुड़की के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों से आए आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक प्रदीप बत्रा ने बतौर विशेष अतिथि कहा कि "उत्तराखंड राज्य का निर्माण हजारों आंदोलनकारियों के बलिदान और संघर्ष की देन है। आज जब हम 25 वर्ष का गौरवशाली सफर पूरा कर रहे हैं, तो हमें उन सभी लोगों को नमन करना चाहिए जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से इस राज्य को अस्तित्व में लाया। दर्जा मंत्री शोभाराम प्रजापति ने आगे कहा कि राज्य सरकार लगातार उन परिवारों के हित में कार्य कर रही है जो इस आंदोलन से जुड़े रहे हैं, ताकि उनका जीवन सम्मान और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ सके। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौत परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की मौत हो गई। इस दौरान महिला के पति और परिवार वालों ने डॉक्टरों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाये. अब यह मामला अब काफी गरमा गया है. गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन धरने पर बैठ गए। हंगामे की जानकारी पाकर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस ने बमुश्किल महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान परिजन और ग्रामीणों की पुलिस के साथ नोकझोंक भी हुई। गुस्साए परिजन अभी भी अस्पताल के बाहर डटे हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक लक्सर क्षेत्र के भोगपुर गांव निवासी अंकित की पत्नी आरती (22 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने के चलते शुक्रवार के दिन राजकीय महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, लेकिन चिकित्सकों ने गर्भवती महिला को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया. इसके बाद उसके परिजन महिला को लेकर नया हरिद्वार कॉलोनी के देवभूमि अस्पताल लेकर पहुंचे. परिजनों का आरोप हैं कि अस्पताल प्रबंधन ने पहले तो 40 हजार रुपये की मांग की. कुछ समय बाद फीस बढ़ाकर 65 हजार रुपए कर दी। वहीं, पैसे की व्यवस्था के बीच ही ऑपरेशन किया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में प्रसूता की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन आग-बबूला हो गए। अस्पताल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया. गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया, लेकिन सभी डॉक्टर और स्टाफ अस्पताल छोड़कर भाग गए. इसके बाद परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया. इस दौरान मृतका के परिजनों की पुलिस के साथ नोकझोंक भी हुई. तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस ने बमुश्किल महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है. टीम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है. फिलहाल अस्पताल प्रशासन सवालों के घेरे में है. वहीं इलाके में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने किया मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हॉस्पिटल एच एम एच आयुर्वेदिक पैरामेडिकल कॉलेज लक्सर में पीएमएफए मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ हरक सिंह रावत ने किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ हरक सिंह रावत ने कहा यह मेरा जो दौरा है राजनीतिक नहीं है मैं केवल यहां पर मेडिकल एजेंसी के उद्घाटन पर आया हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं चाहता हूं की सभी लोगों को यहां पर सुविधा मिले क्योंकि पहले रुड़की एवं अन्य क्षेत्रों से लोगों को दवाई लेने के लिए जाना पड़ता था अब इस एजेंसी से यहां पर लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने मंत्री रहते हुए कई विभागों में नौजवान युवकों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस में चुनाव लड़ने वाले



प्रत्याशी का सही तरीके से चयन हो गया तो उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो अगर पहाड़ में डॉक्टर हरक सिंह का मूल निवास प्रमाण पत्र बनेगा तो लक्सर के लोगों का भी मूल निवास ही बनेगा कोई किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और ना ही किसी को किसी के साथ भेदभाव करना चाहिए। उन्होंने भाजपा विधायक विनोद चमोली एवं किशोर उपाध्याय के बयानों पर भी एतराज जताया है क्योंकि इस तरह से भेदभाव की राजनीति किसी को नहीं करनी चाहिए। समाजसेवी रविंद्र आनंद ने कहा कि मैं यहां केवल लोगों की सेवा करने आया हूं उन्होंने लक्सर विधानसभा के जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधि पर भी क्षेत्र में विकास की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर जनता के अनदेखी हुई तो हम मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को धारा 170 में किया गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 07.11.2025 को चेतन 34 में नियुक्त हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता हमराही हेड कांस्टेबल मेजर सिंह गश्त करते हुए ग्राम केलनपुर में पहुंचे तो एक व्यक्ति अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की से सड़क सरेआम हो हल्ला कर आमदा फसाद कर रहा था जिसे पुलिस पार्टी द्वारा मौके पर समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माना एवं और उत्तेजित होकर मरने मरने पर उतारू हो गया कोई और चारा ना देख अंतर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। 'गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अली खान पुत्र महबूब निवासी केलनपुर थाना कोतवाली रुड़की बताया गया है। पुलिस टीम में दिनेश गुप्ता, मेजर सिंह, प्रदीप डंगवाल शामिल रहे।

# सलेमपुर राजपूताना में स्थापना दिवस पर पोषण मेले का आयोजन

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** आज दिनांक 08.11.2025 को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे सलेमपुर राजपुताना रुड़की ग्रामीण प्रथम मे पोषण मेले का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप मे बाल विकास परियोजना आधिकारी श्री देव सिंह जी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसके द्वारा सी. डी. पी ओ श्री देव सिंह जी के द्वारा बताया गया की महिला एवं बाल विकास द्वारा चलायी जा रही योजना जैसे की नन्दा गौरा, प्रधानमंत्री मातृत्व वदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गौदभराई, अन्नप्राशन, बेटी जन्मोत्सव पूरक पोषाहार जैसी बहुत सारी योजनाओं पर चलायी जा रही है। बाल विकास अधिकारी श्री देव सिंह जी ने निहारिका पुत्री सोनिया का जन्मोत्सव भी कराया तथा साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 7 माह के बच्चों का अन्नप्राशन व महालक्ष्मी किट का वितरण भी कराया गया। पोषण मेले का आयोजन श्रीमति सुमन त्यागी क्षेत्रीय सुपरवाइजर व अमिता रानी, उमेश धीमान, सुमनलता आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी तथा बाल विकास से नितिन कुमार व चन्द्रमोहन राणा जी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। कार्यक्रम का संचालन आगंनबाडी सविता, रजनी, प्रियंका, पूजा, मिनाक्षी, मेमकिला, सितारा, शबाना, योगिता, कमरीन, व सहायिका बबीता, सपना, उषा, बिमला पाल आदि ने कार्यक्रम का समापन लोगों को जलपान कराकर कराया।

# गन्ना किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से हल करें : नीशू राठी

**❖गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी की प्रबन्ध समिति की बैठक में किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की प्रबन्ध समिति की बैठक समिति कार्यालय में अध्यक्ष नीशू राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, समिति के आय-व्यय के अनुमोदन, चीनी मिलों से समिति का विकास अंशदान प्राप्त कराये जाने,आगामी वर्ष हेतु समिति के कृषक सदस्यों का सामूहिक दुर्घटना बीमा कराये जाने, आगामी वर्ष हेतु उर्वरक ढुलाई कराये जाने, समिति मुख्यालय भवन हेतु प्राक्कलन तैयार करने आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। सभी प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किए, समिति की अध्यक्ष नीशू राठी ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि रहेगा, उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता गन्ना किसानों की समस्यओं का तत्काल निवारण करना,समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना, समय पर गन्ना पर्ची जारी करना तथा गन्ना भुगतान समय पर करना आदि



हैं,अध्यक्ष नीशू राठी ने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव को किसानों की समस्या प्राथमिकता पर हल करने, एवं समय पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए, बैठक में अध्यक्ष नीशू राठी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संचालक पवन सैनी, संचालक अनुराग राठी, संचालक अंगूरी देवी, संचालक सुनील कुमार, संचालक बीरबाला, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आदित्य कुमार, सचिव प्रभारी अनंत सिंह, लेखा खण्ड प्रभारी राजकुमार, स्थापन खण्ड प्रभारी पंकज कुमार, सप्लाई खण्ड प्रभारी विमलेश कुमार,अंकित कुमार वशिष्ठ मौजूद रहे।

# कलियर विधायक ने किया सड़क का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधानसभा कलियर क्षेत्र के अंतर्गत कांवड़ पटरी मार्ग से राजकीय इंटर कॉलेज तक बनने वाली सड़क का शुभारंभ शनिवार को विधायक हाजी फुरकान अहमद ने छात्र-छात्राओं के साथ फीता काटकर किया।

विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि यह सड़क राज्य योजना के तहत 98 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है। राजकीय इंटर कॉलेज तक जाने वाला रास्ता काफी जर्जर हो चुका था जिससे शिक्षकों और छात्रों को विद्यालय आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क बनने से अब न केवल कॉलेज के छात्रों बल्कि क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा कलियर क्षेत्र के अन्य कई गांवों में भी महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह, अर्चना, सतेंद्र, संतोषी, कुंवर सिंह बर्थवाल, शिव सिंह और चंद्रपाल सिंह ने विधायक हाजी फुरकान अहमद का बुके देकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज जाने वाली सड़क की हालत बहुत खराब थी हल्की बारिश में भी जलभराव



हो जाता था जिससे छात्रों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क निर्माण से अब यह समस्या समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य मान सिंह, संजीव आर्य, अकरम प्रधान, इस्तिकार, अफजाल, तसलीम उर्फ पप्पू पीरजी, इमरान उर्फ भूरा, इंताजर राणा, सफीक मलिक, हिफजान, सैयाद, मुबारिक, जाहिद, मासूम, शमीम, शहजाद, नवीश, मतलूब, राकिब आदि मौजूद रहें।

# सभी प्रदेशवासियों को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रईस वारसी 'गुड्डू'
पार्षद वार्ड-59, नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ उत्तराखण्ड की ओर से राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती विद्या देवी पार्षद वार्ड न 37 भाजपा
हृदयेश कुमार पार्षद प्रतिनिधि वार्ड न 37 भाजपा कार्यकर्ता

समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रुद्राक्ष सिंह बिष्ट
नारायणी सेना एवं युवा नेता हल्द्वानी (नैनीताल)

## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

e-mail: dfopithoragarh @rediffmail.com दूरभाष/फैक्स नं0–☎ (05964) 225234

पत्रांक : 2483/4–6 पिथौरागढ़ दिनांक : 07 नवम्बर 2025

### "उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (9 नवम्बर) के अवसर पर आमजन हेतु बधाई संदेश"

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (9 नवम्बर) के शुभ अवसर पर पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं देता है।

### उत्तराखंड सरकार की प्रमुख योजनाएँ एवं उपलब्धियाँ

- **हरित उत्तराखंड मिशन:**–वनों के संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा।
- **मुख्यमंत्री हरित आजीविका योजना:**–स्थानीय समुदायों को वन आधारित आजीविका से जोड़ने की पहल।
- **जैव विविधता संरक्षण कार्यक्रम:**–दुर्लभ वन्यजीवों एवं पौध प्रजातियों के संरक्षण के लिए ठोस कदम।
- **ईको–टूरिज्म विकास योजना:**–पिथौरागढ़ सहित राज्य के प्राकृतिक स्थलों में सतत् पर्यटन को बढ़ावा।
- **वनाधिकार एवं ग्राम वन समितियाँ:**–ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाकर वनों के संरक्षण में उनकी भूमिका सुनिश्चित।
- **नमामि गंगे एवं नदियों का पुनर्जीवन:**–स्वच्छ जल स्रोतों और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए कार्यरत।

वन्यजीव आपकी संपदा है, इसको बचाने हेतु हमेशा एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाऐं। जीव जन्तुओं से प्रेम करें उन्हें किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचाऐं। वन संपदा को अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचा कर रखें। वनों को आग से बचाएं तथा वनाग्नि की रोकथाम हेतु वन विभाग को सहयोग प्रदान करें।

अतः **"उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस"** के इस शुभ अवसर पर यह संकल्प लें कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमेशा जंगल एवं वन्य जीवों की रक्षा करेंगे।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरज जोशी
अधिशासी अभियंता
सहायक अभियंता
सिंचाई खंड पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजदेव जायसी
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एन वी पांडे
मानचित्रकार
नगर निगम पिथौरागढ़
अवस्थी
सहायक अभियंता
नगर निगम पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कीर्ति आर्य
जिला पर्यटन विकास अधिकारी
पिथौरागढ़



उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) कमरा नं0 65-66, विकास भवन, रोशनाबाद, हरिद्वार
पत्रांकः 461/उरेडा/हरिद्वार/प्रकाशन/2025-26 दिनांकः 07 नवंबर 2025
उत्तराखण्ड राज्य स्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर **उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती)** पर समस्त जनपदवासियों को उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा), हरिद्वार की ओर हार्दिक शुभकामनाऐं।
वरिष्ठ परियोजना अधिकारी
उरेडा, हरिद्वार

सभी प्रदेशवासियों को उत्तराखंड स्थापना दिवस (रजत जयंती) की हार्दिक शुभकामनाएं
Akum
Akums Drugs & Pharmaceuticals Limited.
Sidcul Haridwar




## संदेश

प्रिय प्रदेशवासियों,

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं उन सभी अमर शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ, जिन्होंने अपने संघर्ष, त्याग और बलिदान से उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। मैं सैन्य बलों, अर्द्ध सैन्य बलों तथा सेवानिवृत्त सैनिकों का भी हृदय से वंदन करता हूँ, जिन्होंने अपने पराक्रम और समर्पण से देवभूमि की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयां प्रदान की हैं।

25 वर्षों की यह विकास यात्रा हमारे सामूहिक प्रयासों, अनुशासन, समर्पण और सेवा का प्रतीक है। उत्तराखण्ड ने इस अवधि में समग्र विकास के मानकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड का प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे राज्य की सतत प्रगति और सुशासन की भावना का प्रमाण है।
उत्तराखण्ड आज बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन चुका है। ग्रामीण विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह सब हमारे परिश्रमी नागरिकों, प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों और शासन-प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

उत्तराखण्ड ऐसा राज्य है जहां संस्कृति और आधुनिकता का अनोखा संगम है, जहां जड़ें हिमालय से जुड़ी हैं और प्रभाव पूरे विश्व पर है। कौशल विकास और नवाचार के माध्यम से उत्तराखण्ड नई ऊँचाइयों को छू सकता है। हमें लक्ष्य बनाना होगा कि उत्तराखण्ड एक ऐसा राज्य बने जहां गांव का बच्चा भी साइंस, टेक्नोलॉजी और रिसर्च की भाषा समझे और अपनी संस्कृति और जीवन में आत्मसात करे।

इस रजत जयंती पर हम सभी एक नया संकल्प लें, ऐसा उत्तराखण्ड बनाने का जो नशा मुक्त, शिक्षित, आत्मनिर्भर और पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त हो। हमारे युवाओं को विभिन्न सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर, उन्हें सेवा, संस्कार और सृजनशीलता के मार्ग पर अग्रसर करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। अभिभावकों, शिक्षकों, समाजसेवियों और धार्मिक संस्थानों को इस दिशा में एकजुट होकर कार्य करना होगा, ताकि हमारी नई पीढ़ी एक स्वस्थ, सुरक्षित और प्रेरणादायक समाज में आगे बढ़ सके।

आइए, इस रजत काल में हम सभी मिलकर उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लें और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कथन के अनुरूप 21वीं सदी के इस तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाएं। अपने सपनों को संकल्प में, और अपने संकल्पों को सिद्धि में परिवर्तित करें, ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर रहे।

एक बार पुनः, उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जय हिन्द! जय उत्तराखण्ड!

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने रूस से तेल-गैस खरीदने पर हंगरी को दी प्रतिबंधों से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बन को ट्रम्प का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं।

### अफगान में हर पांच में से एक बच्चा कठिन श्रम को मजबूर है: यूनिसेफ

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि अफगान में हर पांच में से एक बच्चा बाल श्रम में लगा हुआ है। अफगान में यूनिसेफ के प्रवक्ता ओमिदुर्रहमान फजल ने बच्चों की सुरक्षा के लिए यूनिसेफ की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चाहे जो भी कारण हो यूनिसेफ बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, यूनिसेफ इस समस्या के लिए परिवार-आधारित समाधानों पर ज़ोर देता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार कुछ कामकाजी बच्चों ने अफगान के इस्लामी अमीरात सरकार से से शिक्षा के अवसर और बेहतर जीवन-यापन की स्थिति प्रदान करने की मांग की है।

### तुर्की की कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कोकेली प्रांत में शनिवार को एक कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गवर्नर इल्हामी अक्तास के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार दिलोवासी जिले में स्थित इस कारखाने में आग लगी और आपातकालीन कॉल के बाद आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और उपकरणों के समूहों को भेजा गया। अक्तास ने बताया कि आग पर अंततः काबू पा लिया गया।

### म्यांमार में मलेरिया के 126000 से अधिक मामले मिले

**यांगून।** म्यांमार में जनवरी से अगस्त 2025 के बीच मलेरिया के कुल 126562 मामलों की पहचान हुई और उनका इलाज किया गया। सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने शनिवार को बताया कि देश 2030 तक मलेरिया के संक्रमण को खत्म करने का प्रयास कर रहा है और पिछले एक दशक में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मलेरिया के मामलों में यह कमी उपचार और शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर चलाने के कारण संभव हुई है।

# अफगान-पाक शांति वार्ता फिर विफल

## दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे


**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।



दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्की और कतर के ईमानदार प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा।

■ **अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाक जवाब देगा**

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्की) में आयोजित हुई। दोनों ही वार्ताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्तूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे।



**नई दिल्ली। आनंद विहार में धुंध भरी सुबह के बीच यात्री।**

## 'फादर ऑफ डीएनए' प्रसिद्ध नोबेल विजेता जेम्स वाटसन का निधन

**वाशिंगटन।** नोबेल विजेता और दुनियाभर के प्रसि) वैज्ञानिक जेम्स डी वाटसन का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज के लिए जाने जाते हैं, जिससे चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलाजी और नैतिकता के क्षेत्र में क्रांति आई। वाटसन ने फ्रांसिस क्रिक और मारिस विल्किन्स के साथ 1962 में नोबेल पुरस्कार साझा किया। उनकी खोज से यह पता चला कि डीएनए कैसे वंशानुगत जानकारी रखता है और कोशिकाएं विभाजन के दौरान इसे कैसे कापी करती हैं। डबल हेलिक्स ने विज्ञान और समाज में गहरा प्रभाव डाला और अब यह संरचना विज्ञान का प्रतीक बन गई है। हालांकि, जीवन के अंतिम वर्षों में वाटसन विवादित बयान देने के लिए आलोचना और पेशेवर निंदा का सामना कर चुके। उन्होंने अश्वेत लोगों की बुद्धिमत्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# तुर्की की अदालत से नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट जारी

## गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायली पीएम के अलावा 37 अन्य लोगों के नाम भी आरोपियों में शामिल

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** तुर्की के इस्तांबुल मुख्य अभियोजक कार्यालय ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 37 लोगों के खिलाफ जनसंहार के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन आरोपों का संबंध गाजा में चल रहे युद्ध से है, जिसे इजरायल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू किया था।



■ **इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत, 170685 लोग घायल**

■ **इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है**

इस्तांबुल अभियोजन कार्यालय के बयान के मुताबिक, जिन लोगों पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, आईडीएफ के चीफ आफ स्टॉफ एयाल जमीर, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गवीर के शामिल हैं। तुर्की के अभियोजकों ने दावा किया है कि इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है। उन्होंने 17 अक्टूबर 2023 की अल-अहली बैपटिस्ट हास्पिटल की घटना को भी अपने आरोपों का हिस्सा बनाया है। हालांकि, इजरायल और अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला था कि यह विस्फोट हमास के राकेट की विफल लान्चिंग से हुआ था, न कि इजरायल के हमले से। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन लंबे समय से हमास के समर्थक माने जाते हैं। इसी के साथ, तुर्की की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं।

अतीत में तुर्की के कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं, जैसे कि एकरेम इमामओग्लू (जो इस्तांबुल के मेयर और एर्दोआन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं) के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि 1915 से 1923 के बीच तुर्की पर अपने ही देश में 15 लाख आर्मेनियाई लोगों के जनसंहार का आरोप है। इस अवधि में लाखों आर्मेनियाई मारे गए या भुखमरी से मर गए, जबकि लगभग पांच लाख लोग रूस की ओर पलायन कर गए। अमेरिका, कनाडा, रूस और यूरोपीय संघ के अधिकांश देश इस आर्मेनियाई जनसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं। हालांकि, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और इजरायल जैसे देश अब तक इसे औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देते, क्योंकि तुर्की के साथ उनके राजनयिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगस्त 2025 में नेतन्याहू ने व्यक्तिगत रूप से इस जनसंहार को स्वीकार किया था, हालांकि इसे इजरायल की आधिकारिक मान्यता नहीं माना गय वहीं इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वासथ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69169 हो गया है और 170685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इजरायल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थाई युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इजरायल को लौटाया था। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इजरायल ने हर एक इजरायली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है। शव वापसी उस समय हुई, जब इजरायल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इजरायली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

## तुर्की के राष्ट्रपति बाकू में अजरबैजानी और पाकिस्तानी नेताओं से बातचीत करेंगे



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति आर.टी. एर्दोगन बाकू में सैन्य परेड में शामिल होंगे और अजरबैजान के राष्ट्रपति तथा पाकिस्तान के प्रानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। तुर्की के राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। एर्दोगन के संचार प्रमुख बी. दुरान ने कहा कि राष्ट्रपति 8 नवम्बर को बाकू में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए अजरबैजान का दौरा करेंगे। एर्दोगन इस यात्रा के दौरा अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करेंगे, जो समारोह में शामिल होने के लिए बाकू पहुंचेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

### अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया। अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4309 उड़ानें लेट थीं और 1002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी।

# भारत ने ब्राजील के वन कोष का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है। सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को बचाने पर जोर दिया।

भारत ने शुक्रवार को विकसित देशों से उत्सर्जन कटौती में तेज़ी लाने और वादा के अनुरूप जलवायु वित्त पोषण को पूरा करने का आग्रह किया। भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए ब्राज़ील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ। ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और ब्राज़ील के बेलेम में सीओपी-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को रेखांकित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने ब्राज़ील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सामूहिक और निरंतर वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली उष्णकटिबंधीय वन फॉरएवर फैसिलिटी (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राज़ील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

■ **धनी देशों से पेरिस समझौते का पालन करने का आग्रह**

### भारतीय NGO को मिला मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला।** भारत की एनजीओ एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्थाय ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस के राजधानी शहर में एक औपचारिक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एजुकेट गर्ल्स की स्थापना साल 2007 में हुई। यह संस्था उप्र, राजस्थान, मप्र व बिहार के तीस हजार से अधिक गांवों में काम कर रही है। संस्था का मकसद गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ना है। 55 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से इस संस्था ने अब तक 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लाने और 24 लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद की है।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा, भारत के लिए 5 चुनौतियां पैदा होंगी

**बीजिंग।** चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है।

इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे। फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर जे-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। फुजियान पहला एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसे चीन ने पूरी तरह खुद डिजाइन किया और बनाया है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) लगा है।



■ **इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे**

यह वही तकनीक है जिसे अमेरिका अपने नए एयरक्राफ्ट कैरियर्स में इस्तेमाल करता है। इस जहाज से चीन ने अपने नए जे-35 स्टेल्थ फाइटर की टेस्ट फ्लाइट करवाई है। यह चीन का पहला ऐसा कैरियर है जो स्टेल्थ विमान उड़ा सकता है। भारत से लिए 5 चुनौतियां ला सकता है फुजियान-चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा। यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि भारत की तेल सप्लाई और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। फुजियान में जे-35 स्टेल्थ फाइटर, जेके-600 चेतावनी विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं। इससे चीन एक साथ एयर डिफेंस, स्ट्राइक और सर्विलांस मिशन चला सकता है। भारत के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत। ये दोनों ही स्की-जंप रैंप (स्टूबर) तकनीक वाले हैं, जबकि फुजियान कैटापल्टतकनीक का इस्तेमाल करता है, जो ज्यादा आधुनिक है।

# डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**वाशिंगटन।** डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदकों के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। अधिकारियों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना जरूरी है। चिकित्सा स्थितियां जैसे हृदय रोग, सांस की दिक्कत, कैंसर, डायबिटीज, मेटाबालिक डिजीज, न्यूरोलाजिकल डिजीज और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं लाखों डालर की देखभाल की जरूरत पैदा कर सकती हैं।

■ **सरकार पर बोझ कम करना मकसद, हेल्थ, उम्र, फाइनेंशियल स्टेटस जांचेंगे अधिकारी**

# भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एचएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे।

इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 25 सितम्बर को एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की थी। इसके तहत एचएएल भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान बनाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के अधिकारियों के साथ एक अरब डॉलर की डील की। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है।उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है।



■ **एचएएल और अमेरिकी कंपनी में 8870 करोड़ की डील 2027 से 2032 के बीच होगी डिलीवरी**

# इथियोपियाई सरकार पर सशस्त्र हमले का आरोप

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने सरकार पर अफ़ार क्षेत्र में सशस्त्र हमला करने का आरोप लगाया है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। अदीस स्टैंडर्ड अखबार में टीपीएलएफ का यह बयान प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में कहा गया है कि ड्रोन हमला 6 नवम्बर की रात को हुआ, जिसमें टीपीएलएफ बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संघर्ष में कई लोग हताहत हुए। टीपीएलएफ ने आगे दावा किया कि संघीय बलों और सहयोगी मिलिशिया ने भारी तोपखाने की गोलाबारी शुरू करने से पहले एक सड़क को अवरुद्ध करने का प्रयास किया और उन पर शांति समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, गुरुवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में आरोप लगाया गया कि इथियोपियाई सरकार ने अफ़ार क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भाड़े के सैनिकों को संगठित किया था और उन्हें हथियार मुहैया कराए थे। उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष नवम्बर 2020 में तब शुरू हुआ जब टाइग्रे के अधिकारियों ने टीपीएलएफ पर एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका चोपड़ा राजामौली की अगली फिल्म में करेंगी काम

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवत: ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ग्लोबट्रॉटर के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें।ष

हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक-

मुंबई। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। अब मिड-डे की रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोडड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोडड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म श्जीरोश में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था।



# जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती: जीनत अमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने मौसमी बदलावों और जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा है कि यह कोई दूर की समस्या नहीं है बल्कि इस समय हमारे आसपास घटित हो रही है लेकिन हम इसे अनदेखा करते जा रहे है।

अमान ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में मोबियस फ़ाउंडेशन की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित 10-एपिसोड की वृत्तचित्र श्रृंखला एम्ब्रेस ऑफ होप: द फाइट फॉर अवर फ्यूचर के प्रीमियर के अवसर पर यह बात कही। अमान ने कहा जलवायु परिवर्तन और उसके खतरों के बारे में हमें यह संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। हममें से बहुत से लोग इस विषय को लेकर उतने सक्रिय नहीं है। व्यक्तिगत रूप से और समाज के एक हिस्से के रूप में हम जलवायु परिवर्तन को केवल घटित होते हुए देखते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे लेकर गंभीर हों और इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करें।

# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हाप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवम्बर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी। फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हाप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा। श्रद्धा ने कहा, जूडी हाप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पाजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था। जूडी हाप्स फिल्म जूटोपिया और जूटोपिया 2 की मुख्य किरदार है। श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था। उन्होंने कहा, षकिसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है। इवेंट के दौरान मीडिया को फिल्म की एक झलक भी दिखाई गई, जिसमें श्रद्धा की आवाज में जूडी हाप्स के एक्सप्रेशन और एनर्जी को दिखाया गया।



# ऐश्वर्या के भाई वाला रोल करने को तैयार थे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और आमिर खान ने कभी एक ही फिल्म में साथ काम नहीं किया है। अब प्रोडड्यूसर रतन जैन ने बताया कि दोनों को फिल्म जोश में एक साथ कास्ट करने की प्लानिंग थी। हालांकि बाद में शाहरुख और चंद्रचूड़ सिंह ने वो रोल किए जो पहले शाहरुख और आमिर के लिए तय थे। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं और ऐश्वर्या के भाई वाला रोल सलमान खान को भी आफर हुआ था। जिसको वो करने के लिए तैयार भी हो गए थे। हाल ही में रतन जैन ने ज्ट9 भारतवर्ष से बातचीत में बताया कि वो चाहते थे शाहरुख फिल्म में मैक्स का रोल करें, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर मंसूर खान आमिर को मैक्स के रोल लेना चाहते थे। बता दें कि मंसूर आमिर खान के कजिन हैं। आमिर ने अपने करियर की शुरुआत मंसूर की फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। रतन जैन ने खिलाड़ी, बाजीगर और धड़कन जैसी हिट हिंदी फिल्मों का निर्माण किया है। रतन ने कहा, ष्हमने तय किया था कि आमिर वो रोल करेंगे जो चंद्रचूड़ ने निभाया और शाहरुख मैक्स बनेंगे। मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। मैंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, ये रोल सिर्फ शाहरुख करेंगे, वर्ना मैं फिल्म नहीं बनाऊंगा। रतन ने बताया कि जब शाहरुख को पता चला कि आमिर भी वही रोल करना चाहते हैं, तो उन्होंने डायरेक्टर और टीम से जाइंट नरेशन रखने को कहा। रतन ने बताया, ष्नरेशन शुरू होने से पहले मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। जिसके चलते शाहरुख ने जूते पहने और चले गए। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैं ये फिल्म नहीं करूंगा। शाहरुख के प्रोजेक्ट छोड़ने के बाद मंसूर ने मैक्स के रोल के लिए आमिर को लेने की बात कही, लेकिन रतन इस पर राजी नहीं हुए। बाद में दोनों स्टार्स ने फिल्म छोड़ दी।

## सलमान के हिट गाने ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर हुआ था जबरदस्त असर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार और अभिनेता सोहैल खान ने बताया है कि उनके भाई सलमान खान के सुपरहिट गाना ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर जबरदस्त असर हुआ था। सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने सच में लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कई शानदार काम किए हैं और अपनी फिल्मी छवि से भी गहरा असर डाला है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है उनका गाना ओ ओ जाने जानाष में बिना शर्ट दिखना, जिसने पूरी पीढ़ी में बॉडी बनाने का शौक बढ़ाया। इससे सिर्फ बड़े लोग अपनी बॉडी बनाने और फिट रहने के लिए प्रेरित नहीं हुए, बल्कि बच्चों के मन पर भी इसका असर पड़ा। सोहैल खान ने बताया है कि कैसे बच्चे दूध पीना शुरू कर देते थे क्योंकि वे सलमान जैसी बॉडी पाना चाहते थे।




# 28 नवम्बर को रिलीज होगी मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से जदि करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है।अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है।फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूजकि एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क', आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ए तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है, लेकिन नजरें भविष्य की ओर रखती है।दीनिश मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई गई यह फिल्म विभु पुरी के निर्देशन में बनी है। यह फिल्म 28 नवम्बर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा: सुम्बुल

**मुंबई।** सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा अनुभव रहा है। सोनी सब का चर्चित शो इत्ती सी खुशी अपनी नायिका अन्विता द्धसुम्बुल तौकीर खानत्र के माध्यम से एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है ।एक ऐसी महिला की कहानी जो परंपराओं को चुनौती देने का साहस रखती है। जहां आमतौर पर टीवी की नायिकाएं अपने प्रियजनों के लिए हर कष्ट सहने और त्याग करने में ही महानता समझती हैं, वहीं अन्विता दर्दनाक परिस्थिति में खड़े होकर खुद के लिए खड़े होने का साहस दिखाती है।पारंपरिक नायिकाओं से अलग, जो अपनों को बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती हैं, अन्विता तब भी अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देती है जब मामला उसके खुद के परिवार का हो। उसका निर्णय स्वार्थ से नहीं, बल्कि अपने छोटे भाई-बहनों की भलाई के लिए अपनी सेहत और स्थिरता को बनाए रखने की सोच से प्रेरित है।जब उसके पिता सुहास द्धवरुण बडोलात्र को लिवर सिरोसिस का पता चलता है और उन्हें तुरंत ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, तब अन्विता को पता चलता है कि उसका लिवर मैच करता है। लेकिन तुरंत फैसला लेने के बजाय, वह ठहरकर अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचती है, खासकर अपने छोटे भाई-बहनों के बारे में, जो पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। अपना लिवर दान न करने का उसका फैसला स्वार्थी नहीं, बल्कि गहरी समझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। अन्विता पल भर की भावना में नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लंबे भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। वह समझती है कि उसकी सेहत और मौजूदगी उसके परिवार की स्थिरता के लिए कितनी जरूरी है। परिणाम को सोच-समझकर तौलने का उसका तरीका आज की आधुनिक और यथार्थवादी प्रेम और जिम्मेदारी की समझ को दर्शाता है। अपने भाई-बहनों की सुरक्षा चुनकर, और एक जीवन की बजाय कई जीवनों को संतुलन में रखकर अन्विता एक नई तरह की सशक्त नायिका बनकर उभरती है। उसकी कहानी दर्शकों के लिए न सिर्फ भावनात्मक बल्कि विचारोत्त. ेजक भी है , जो यह सवाल उठाती है कि क्या प्रेम का अर्थ हमेशा त्याग ही होता है? आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए सुम्बुल ने कहा, ऐसा किरदार निभाना बहुत ताजगीभरा अनुभव है, जो अपनी नायकता को आत्मसमर्पण में नहीं बल्कि अपने विश्वास पर अडिग रहने में परिभाषित करती है। अन्विता की यात्रा साहस और करुणा की है। वह अपने पिता और भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है, और उसका निर्णय गहरे भावनात्मक संघर्ष से उपजा है। कभी-कभी अपने प्रियजनों की देखभाल का मतलब सबसे कठिन फैसले लेना होता है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108